दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



बॉलीवुड सितारों ने ........



मशहूर सिंगर ....

वर्ष : 12 | अंक : 181 | लखनऊ, 25 जून, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बंगाल में मिड डे मील में अंडे नहीं होंगे

कोलकाता। बंगाल में हालिया विवाद पश्चिम बंगाल में कोलकाता के स्कूलों के मिड-डे मील में



इस्कॉन के सहयोग से सात्विक भोजन परोसने की योजना के बाद अंडे हटाने पर नई बहस छिड़ गई है। टीएमसीने इसे बच्चों से पोषण छीनने और शाकाहार थोपने की कोशिश करार दिया है, जबकि भाजपा ने स्वास्थ्य और खाने की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की बात कही है।

### मान की मुश्किलें, भाजपा कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। पंजाब के सीएण भगवंत मान के एक वायरल



वीडियो के चलते उन पर गुरुओं के अपमान का गंभीर आरोप लगाया गया है। इसको लेकर मचे राजनीतिक बवाल पर विपक्ष में बैठी कांग्रेस और भाजपा सीएम के खिलाफ आक्रामक है। दोनों ही मान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उधर सीएम मान लगातार आरोपों को झूठ और वायरल वीडियो को फर्जी बता रहे हैं।

### मुंबई लोकल में युवक की चाकू मारकर हत्या

मुंबई। लोकल ट्रेन में दरवाजे को लेकर हुआ मामूली विवाद एक युवक की मौत का कारण बन गया।



चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल में सफर कर रहे 22 वर्षीय मयंक लोहार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना सोमवार देर रात की है। मयंक फर्स्ट क्लास डिब्बे में थे। इउन्होंने एक यात्री से ट्रेन का दरवाजा बंद करने के लिए कहा।

### उत्तरकाशी में लापता युवती की तलाश शुरू

उत्तरकाशी। दयारा बुग्याल ट्रैक पर लापता बबीता पांडे मामले में पुलिस सहित खोज-बचाव टीम ने



दोबारा नए सिरे से जांच व खोजबीन शुरू कर दी है। रेसक्यू टीम की ओर से नटीण के घने जंगलों में भालू आवासीय संभावित क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जंगल के बीच में स्थानों को खोदकर और पानी के टैंक के भीतर भी तलाश की गई।

### कंटेनर की टक्कर से 2 नाबालिग बहनों की मौत

गाजियाबाद। वेव सिटी थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में दो किशोरियों की दर्दनाक मौत हो गई,



जबकि उनका फुफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब बाइक सवार तीनों ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के कट के पास पहुंचे और एक अनियंत्रित कंटेनर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर घिसटते रहे।

## कोलकाता में तारातला में निर्माणाधीन गोदाम ढहा

ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर हुआ यह हादसा

# 5 लोगों के मौत की आशंका व 55 लोग अभी भी फंसे, सेना ने संभाला मोर्चा

### पुलिस और प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची, सीएम सुवेंदु ने भी लिया जायजा



राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

पश्चिम कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार दोपहर एक भयानक हादसा हो गया। यहां ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर एक तीन मंजिला निर्माणाधीन गोदाम अचानक गिर गया। इस हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत की आशंका है। 55 लोगों के फंसे होने की भी खबर है। मलबे के नीचे अभी भी कई लोगों के दबे हैं। पुलिस और प्रशासन की टीमें राहत और बचाव अभियान में जुटी हैं। सीएम सुवेंदु अधिकारी भी स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि अब तक 10 लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सभी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे ब्रेस ब्रिज के पास हुआ। चश्मदीदों ने बताया कि मलबे के नीचे से लोगों के चीखने-चिल्लाने और मदद की आवाजें आ रही थीं। बचाव दल के सदस्य निकलने के प्रयास में जुटे हैं।

मृतकों की संख्या और बढ़ने के आसार

#### हादसे के समय छत की ढलाई हो रही थी



क्रने की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू

बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त गोदाम की छत की ढलाई (कास्टिंग) का काम चल रहा था। इमारत की पहली और दूसरी मंजिल का ढांचा तैयार हो चुका था और ग्राउंड फ्लोर पर निर्माण कार्य जारी था। इस दौरान अचानक पूरी इमारत भरभरा कर गिर गई, जिससे लोहे के भारी बीम और कंक्रीट का बड़ा ढेर लग गया और वहां काम कर रहे मजदूर नीचे दब गए।

#### क्रेन और मशीनों से हटाया मलबा

राहत और बचाव का काम बहुत तेजी से चल रहा है। कोलकाता पुलिस, आपदा प्रबंधन समूह , नागरिक सुरक्षा और दमकल विभाग की टीमें मौके पर तैनात हैं। सेना के अधिकारी भी बचाव कार्य में मदद कर रहे हैं। लोहे के बीम और कंक्रीट को काटने के लिए गैस कटर और वर्टिकल ड्रिलिंग मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। भारी मलबे को हटाने के लिए क्रेन और बड़ी मशीनें लगाई गई हैं।

#### 11 घायलों को ट्रॉमा केयर सेंटर लाया गया

बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल कोलकाता के तारातला में निर्माणाधीन गोदाम शेड के गिरने वाली जगह पर पहुंचीं। यहां खोज और बचाव अभियान चल रहा है। अब तक 11 घायलों को एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर लाया गया है।

#### घटिया सामग्री और अवैध निर्माण के आरोप

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने आरोप लगाया कि गोदाम के निर्माण में घटिया दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं, स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि इस इलाके में पिछले काफी समय से बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं।

#### अफसरों को दिए निर्देश

### सीएम सुवेंदु ने जताया दुख तेजी से बचाव कार्य के निर्देश




मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से बचाव कार्य करने के निर्देश दिए। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस त्रासदी को व्यक्त करने शब्द नहीं हैं। सेना, एनडीआरएफ , एसडीआरएफ , कोलकाता पुलिस और नगर निगम मिलकर युद्धस्तर पर बचाव अभियान चला रहे हैं।

### कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की लापरवाही से गई कई जानें: सीपीआईएम

सीपीआईएम नेता फ़ैयाज़ अहमद खानने कहा कि गोदाम में 50 से 60 मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई मलबे के नीचे दब गए। कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट को इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन को भी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए क्योंकि निवासियों ने कई बार शिकायत की थी। उन्होंने कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से भी शिकायत की थी कि यहां गैर-कानूनी काम हो रहा है। लेकिन अगर अधिकारी सब कुछ नज़रअंदाज़ करते हैं।

## एनसीओआरडी की 10वीं बैठक

# शाह आज जारी करेंगे मादक पदार्थ नियंत्रण पर नया विज़न डॉक्यूमेंट



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार के प्रयासों को और मजबूत करने का अहम मंच है। बैठक हाइब्रिड मोड में होगी, जिसमें 44 केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के प्रमुख हितधारकों के साथ राज्यों और मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 108 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

#### साझा रोडमैप तैयार होगा

शाह ने कहा कि मादक पदार्थ नियंत्रण पर विज़न डॉक्यूमेंट (2026-2029) जारी करेंगे। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों, मादक पदार्थ प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार यह दस्तावेज मादक पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए मांग में कमी, आपूर्ति में कमी और नुकसान में कमी के लिए साझा रोडमैप प्रदान करेगा।

#### सिंथेटिक ड्रग्स और डार्कनेट तस्करी पर रहेगा फोकस

विज़न डॉक्यूमेंट में नेटवर्क-केंद्रित प्रवर्तन प्रणाली की परिकल्पना की गई है। इसके तहत अगले 3 वर्षों में सिंथेटिक ड्रग्स और डार्कनेट के माध्यम से होने वाली तस्करी से निपटने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा नशे के आदी लोगों के लिए उपचार और पुनर्वास सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। दस्तावेज़ में विभिन्न एजेंसियों की जिम्मेदारियां होंगी।

### कोयले के आर्थिक मूल्यांकन पर चर्चा पत्र दिया

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 'भारत में कोयले के मौद्रिक परिसंपत्ति खातों के संकलन के लिए कार्यप्रणालीगत दृष्टिकोण' शीर्षक से एक चर्चा पत्र जारी किया है। यह दस्तावेज़ संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण-आर्थिक लेखांकन प्रणाली (एसईईए) केंद्रीय ढांचे के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग ने अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय मानक के रूप में मान्यता प्रदान की है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय वर्ष 2018 से एसईईए फ्रेमवर्क का अनुसरण करते हुए 'एन्विस्टैट्स इंडिया' और 'एनर्जी स्टैटिस्टिक्स इंडिया' के माध्यम से कोयले तथा अन्य खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों के भौतिक परिसंपत्ति खातों का संकलन कर रहा है।

शिवसेना टूटने के बाद बोले स्पीकर


# उद्धव गुट को किया तलब, बागियों को मिले अलग गुट की मान्यता या नहीं, जानेंगे उनका भी 'पक्ष'

### सांसद सावंत और अनिल देसाई रखेंगे अपना

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के छह लोकसभा सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने के बाद लोकसभा अध्यक्षओम बिरला कार्रवाई करने वाले हैं। महाराष्ट्र में हुए इस बड़े दलबदल के बीच स्पीकर बिरला ने बुधवार को उद्धव ठाकरे समेत शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेताओं को तलब किया । बिरला के साथ इस बैठक में उद्धव गुट के वरिष्ठ सांसद अरविंद सावंत और अनिल देसाई लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी पार्टी का पक्ष रखेंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक में बागी सांसदों को अलग गुट के रूप में मान्यता न देने का स्पीकर बिरला से अनुरोध करेंगे। उद्धव गुट इस पूरे घटनाक्रम को गैर-कानूनी और असंवैधानिक साबित करने की पूरी तैयारी में है। बगावत करने वाले 6 सांसदों के खिलाफ उद्धव की शिवसेना ने स्पीकर को पत्र भी लिखा था।

#### 6 बागी सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल



उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के 6लोकसभा सांसदों ने औपचारिक रूप से उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए हैं। इसे शिंदे गुट का 'ऑपरेशन टाइगर' कहा जा रहा है। इन बागी सांसदों में संजय हरिभाऊ जाधव, भाऊसाहेब राजाराम वाघचौरे, ओमप्रकाश भूपालसिंह निंबालकर, संजय दीना पाटिल, संजय उत्तमराव देशमुख और नागेश बापूराव पाटिल अष्टिकार शामिल हैं।

#### दलबदल कानून पर होगा मंथन


लोकसभा में शिवसेना (यूबीटी) के 9 सांसद थे। अब 6 सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने के बाद उद्धव के पास 3 सांसद ही बचे हैं। दलबदल विरोधी कानून, यानी संविधान की दसवीं अनुसूची के नियमों के तहत, यदि किसी भी विधायी दल के दो-तिहाई सदस्य अलग होते हैं, तो उन पर दलबदल का कानून प्रभावी नहीं होता।

## नायडू ने की देश की सबसे बड़ी निजी सोने के खदान की शुरुआत

# 405 करोड़ रु. की लागत से किया गया तैयार सोने के प्रोसेसिंग प्लांट की पहली यूनिट शुरू

### आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले को जोंनागिरी में किया विकसित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले का जोंनागिरी इलाका अब देश के गोल्ड मैप पर अपनी खास पहचान बनाने जा रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू यहां देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के गोल्ड माइनिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। करीब 405 करोड़ की लागत से तैयार इस परियोजना को जियो मैसूर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और दक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड ने बनाया है। 144 करोड़ के राजस्व का अनुमान है।

**दूसरी यूनिट भी बनेगी :** परियोजना के तहत सोने के प्रोसेसिंग प्लांट की पहली यूनिट शुरू की जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट की आधारशिला भी रखी जाएगी। खदान और प्रोसेसिंग प्लांट का ट्रायल रन पूरा हो चुका है।

#### पहले साल 400 किलो सोना निकलने की उम्मीद

सरकार ने 1,500 एकड़ जमीन आवंटित की है। पहले चरण में 600 एकड़ क्षेत्र में खनन कार्य शुरू होगा, जबकि बाद में बाकी इलाके में भी परियोजना का विस्तार किया जाएगा। उम्मीद है कि पहले साल इस खदान से करीब 400 किलोग्राम सोना निकलेगा। अगले साल उत्पादन बढ़कर 900 किलोग्राम तक पहुंच सकता है।

## डीएमआरसी ने सेंट्रल विस्टा के लिए मेट्रो स्टेशन पर काम शुरू किया

# कर्मचारियों का लुटियंस जोन से आवागमन होगा सुगम

### केंद्रीय सचिवालय स्टेशन एक ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बनेगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ( डीएमआरसी) ने बुधवार को सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह स्टेशन 5 वें चरण (ए) के अंतर्गत मैजेंटा लाइन के विस्तार के रूप में जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मार्ग तक विकसित किया जा रहा है।केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री मनोहर लाल, सचिव मोहुआ और मेट्रो रेल निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय सचिवालय स्टेशन एक ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बन जाएगा, जहां मैजेंटा लाइन स्टेशन मौजूदा येलो लाइन और वायलेट लाइन से निर्बाध रूप से जुड़ जाएगा। यह कर्मचारियों, लुटियंस जोन तथा प्रशासनिक जिलों में यात्रियों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

#### प्रमुख सरकारी कार्यालयों में आसानी से होगी पहुंच



यह परियोजना नई दिल्ली के केंद्र तक कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में अहं है, जो प्रमुख सरकारी कार्यालयों, न्यायिक संस्थानों, राष्ट्रीय स्मारकों और सम्मेलन स्थलों तक सुगम पहुंच प्रदान करती है, साथ ही समग्र नेटवर्क दक्षता बढ़ेगी।

#### 9.913 किमी के कॉरिडोर में 9 भूमिगत स्टेशन

यह कॉरिडोर 9.913 किलोमीटर लंबा है। इसमें 9 भूमिगत स्टेशन शिवाजी स्टेडियम, युग युगीन भारत, केंद्रीय सचिवालय, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, युद्ध स्मारक-उच्च न्यायालय, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ हैं।

### त्रिपुरा में 211.71 करोड़ की 96 सड़क परियोजनाएं स्वीकृत

#### 96 बसावटों को मिलेगा पहली बार सड़क संपर्क

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत 2026-27 के बैच-1 में त्रिपुरा के लिए 163.872 किमी लंबाई की 96 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनकी अनुमानित लागत 211.71 करोड़ है। राज्य की 96 बसावटों को पहली बार बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## भारत सरकार बदल रही राशन नियम

# अब परिवार नहीं, सदस्यों की संख्या तय करेगी 'अनाज'



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली और राशन व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो सकता है। केंद्र ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026 का मसौदा जारी किया है। इसमें अंत्योदय अन्न योजना के तहत राशन वितरण के तरीके में बदलाव का प्रस्ताव है।

#### अब प्रति व्यक्ति 7 किलो दिया जाएगा

अभी तक अंत्योदय अन्न योजना के तहत परिवार को हर महीने 35 किलो अनाज दिया जाता है। अब प्रति व्यक्ति 7 किलो अनाज प्रति माह देने का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि एक परिवार को मिलने वाले अनाज की अधिकतम सीमा 35 किलो प्रति माह ही रहेगी। परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार अनाज का वितरण होगा।

# यूपी में सौर ऊर्जा को मिलेगी रफ्तार

## मुख्य सचिव ने दिये निर्देश, आंगनबाड़ी भर्ती, पीएनजी कनेक्शन में तेजी लाने पर जोर

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना, वेटलैंड संरक्षण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, पीएनजी कनेक्शन, आंगनबाड़ी भर्ती तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने मार्च, अप्रैल और मई 2026 में लगातार तीन माह तक 50 हजार से अधिक घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर राष्ट्रीय स्तर पर नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश को क्यूम्यूलेटिव हाउसहोल्ड सोलराइजेशन में भी देश में प्रथम स्थान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के प्रत्येक आवेदन को इंस्टॉलेशन में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा जाए। ऋण आवेदनों की समयबद्ध स्वीकृति, भुगतान और निष्क्रिय वेंडरों को सक्रिय करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

साथ ही लाभार्थियों को बिजली बिल में होने वाली बचत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। वेटलैंड संरक्षण एवं रामसर साइट की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सभी आर्द्रभूमियां पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शेष जनपद प्राथमिकता के आधार पर वन विभाग को प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें।

विशेष रूप से यमुना नदी के पांच किलोमीटर क्षेत्र में स्थित वेटलैंड्स के प्रस्तावों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। अन्नपूर्णा भवन निर्माण की समीक्षा में उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 500 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त है। शेष जनपदों को भूमि चिन्हांकन कर शीघ्र कार्ययोजना पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि भवनों के निर्माण के लिए ऐसी भूमि का चयन किया जाए जो परिवहन मार्ग और आबादी वाले क्षेत्रों के निकट हो। पीएनजी कनेक्शन योजना के तहत प्रदेश में लगभग 16 लाख नए कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा लंबित अनुमतियों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी नहीं हुए हैं, वहां तत्काल भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए और समयबद्ध रूप से पूरी कराई जाए। मुख्य सचिव ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत उपलब्ध धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनजागरूकता के लिए वाल पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, संवाद कार्यक्रम एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी योजनाओं की प्रगति से मुख्य सचिव को अवगत कराया।

## जौनपुर सिटी व अन्य स्टेशनों पर बढ़ा रेलगाड़ियों का होगा ठहराव

**लखनऊ।** जौनपुर सिटी, हरपालगंज और सराय हरखू रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को स्वीकृति मिल गई है। हरपालगंज स्टेशन पर मेमो ट्रेन और सराय हरखू स्टेशन पर शटल ट्रेन रुकेगी। इस फैसले से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। 26 जून से गाड़ी संख्या 64281/64282 मेमू का हरपालगंज स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। गाड़ी संख्या 64281 मेमू हरपालगंज स्टेशन पर प्रातः 06:27 बजे पहुंचेगी तथा 06:28 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 64282 मेमू हरपालगंज स्टेशन पर रात्रि 20:21 बजे पहुंचेगी तथा 20:22 बजे प्रस्थान करेगी। इसके अतिरिक्त, 26 जून से गाड़ी संख्या 13239 तथा 27 जून से गाड़ी संख्या 13240 का जौनपुर सिटी स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ होगा। गाड़ी संख्या 13239 जौनपुर सिटी स्टेशन पर सायं 17:41 बजे पहुंचेगी तथा 17:43 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 13240 जौनपुर सिटी स्टेशन पर दोपहर 12:33 बजे पहुंचेगी तथा 12:35 बजे प्रस्थान करेगी। इसी क्रम में 27 जून 2026 से गाड़ी संख्या 20401/20402 का सराय हरखू स्टेशन पर ठहराव भी प्रदान किया जाएगा।

# दो सीएचसी संचालक राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

- लखनऊ की डॉ. रंजना सिंह और सोनभद्र के संतोष कुमार को मिला सम्मान
- श्रीनगर में आयोजित सेवा से समृद्धि कार्यशाला में हुई घोषणा



**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत आधारित डिजिटल सेवा वितरण को मजबूत बनाने और नागरिकों तक सरकारी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला सेवा से समृद्धि : पंचायत आधारित सेवा वितरण में उत्तर प्रदेश के दो कॉमन सर्विस सेंटर (सीएचसीइ) संचालकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

पंचायती राज मंत्रालय तथा कॉमन सर्विस सेंटर स्पेशल पर्पस व्हीकल (सीएचसी-एसपीवी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश की डॉ. रंजना सिंह (लखनऊ) और संतोष कुमार (सोनभद्र) को ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट डिजिटल सेवाएं प्रदान करने और जनसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न राज्यों के उरउ संचालक उपस्थित रहे। लखनऊ की डॉ. रंजना सिंह ने महिला सशक्तिकरण, डिजिटल समावेशन और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने हजारों महिलाओं को सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं से जोड़ा है।

साथ ही दो हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में आयुष्मान भारत कार्ड और आभा कार्ड बनाए गए हैं। उनकी महिला संचालित डिजिटल आउटरीच वैन ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करा रही है। उनके सीएचसी केंद्र ने 15 स्थानीय युवाओं को रोजगार भी प्रदान किया है। वहीं, सोनभद्र के संतोष कुमार वर्ष 2009 से जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने डिजिटल साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय समावेशन, आधार सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया है। उनके प्रयासों से हजारों ग्रामीण, किसान, महिलाएं और छात्र लाभान्वित हुए हैं। उनके उरउ केंद्र ने 26 स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर सीएचसी उत्तर प्रदेश के स्टेट हेड राजेश मिश्रा ने कहा कि सीएचसी ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुशासन के वास्तविक वाहक हैं और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# किसानों के भुगतान व भंडारण क्षमता बढ़ाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

- डॉ. मनोज पाण्डेय ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से की मुलाकात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने बुधवार को केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर किसानों और खाद्यान्न खरीद व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने लंबित भुगतान, भंडारण क्षमता विस्तार और मक्का खरीद लक्ष्य बढ़ाने की मांग की।

डॉ. पाण्डेय ने बताया कि पिछले वर्षों के खाद्यान्न खरीद प्रस्तावों से संबंधित कई स्वीकृतियां केंद्र स्तर पर लंबित हैं, जिससे मंडी समितियों और अन्य संस्थाओं के भुगतान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मक्का एवं बाजरा खरीद के लिए राज्य सरकार की ओर से भेजे गए करीब 118 करोड़ रुपये के सब्सिडी दावे के शीघ्र भुगतान का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत परिवहन, हैंडलिंग और अन्य मदों में राज्य सरकार की ओर से भेजे गए 632 करोड़ रुपये से अधिक के दावे का भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। इससे खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पर वित्तीय दबाव पड़ रहा है।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस वर्ष गेहूं खरीद अभियान सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। खरीदे गए कुल गेहूं का लगभग 72 प्रतिशत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को हस्तांतरित किया जा चुका है, जबकि शेष गेहूं के सुरक्षित भंडारण और उठान के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि प्रयागराज, अयोध्या, झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, उन्नाव, चंदौली और बहराइच सहित कई जिलों में एफसीआई की भंडारण क्षमता अपर्याप्त है। ऐसे में अतिरिक्त गोदामों की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है।

डॉ. पाण्डेय ने कहा कि धान खरीद के बाद कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) के निस्तारण में उत्तर प्रदेश ने लगभग 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है, जो राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। मक्का खरीद के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रदेश में खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। केंद्र सरकार ने 25 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। यदि किसानों की उपज अधिक मात्रा में खरीद केंद्रों पर आती है तो राज्य सरकार लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध करेगी, ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इन सभी विषयों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के किसानों, सहकारी संस्थाओं और खाद्यान्न खरीद व्यवस्था को आवश्यक राहत प्रदान करेगी।

# 29 जून को मनाया जायेगा व्यापारी कल्याण दिवस

## ओडीओपी प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भामाशाह पुरस्कारों से सजेगा व्यापारी कल्याण दिवस

अमन लेखनी समाचार

- भामाशाह के आदर्शों से जुड़ेगा युवा समाज, सभी जनपदों में होंगे विशेष कार्यक्रम



**लखनऊ।** व्यापार, उद्यमिता और जनसेवा की प्रेरणादायी परंपरा को सम्मान देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार 29 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापारी कल्याण दिवस मनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह आयोजन जनसहभागिता के साथ किया जाएगा, जिसका उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों के योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ युवाओं को दान, सेवा और राष्ट्रहित के मूल्यों से जोड़ना है।

योगी सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जनपदों और तहसीलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के सहयोग से कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनियां और बिक्री स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार और विपणन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमियों, व्यापारियों और स्वयं सहायता समूहों को अपनी उपलब्धियां प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा।

कार्यक्रमों में महान दानवीर भामाशाह के जीवन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके माध्यम से लोगों को भामाशाह के त्याग, राष्ट्रभक्ति और जनकल्याण की भावना से परिचित कराया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा इस संबंध में आवश्यक अभिलेख और सामग्री जनपदों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम पर जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विशेष आयोजन होगा। संगीत-नाटक और स्थानीय लोककलाओं के माध्यम से भामाशाह के जीवन और उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही चित्रकला, निबंध, प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार भामाशाह पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे, जिनकी चयन और पुरस्कार वितरण प्रक्रिया राज्य कर विभाग की ओर से संपन्न कराई जाएगी। सरकार ने व्यापारिक संगठनों, व्यापारी कल्याण मंडलों और उद्योग जगत से भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। प्रदेशभर के व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों, फर्मों और कंपनियों में व्यापारी कल्याण दिवस मनाएंगे। इस अवसर पर बैनर, होर्डिंग्स और जागरूकता संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे।

साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देते हुए व्यापारी स्वेच्छा से मिष्ठान, शर्बत और फल आदि का वितरण भी करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि दानवीर भामाशाह महाराणा प्रताप के घनिष्ठ सहयोगी, मित्र और विश्वस्त सलाहकार थे। जब महाराणा प्रताप कठिन संघर्ष के दौर से गुजर रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संपत्ति राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका यह त्याग भारतीय इतिहास में दान, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण माना जाता है। व्यापारी कल्याण दिवस के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार उनके आदर्शों को समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

# अयोध्या राम मंदिर में भेंट की गई 4 किलो चांदी की ईंट की जांच की मांग, शिवसेना यूबीटी नेता ने दर्ज कराई शिकायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) द्वारा भेंट की गई 4 किलो चांदी की ईंट की वर्तमान स्थिति और सत्यापन को लेकर शिवसेना यूबीटी उत्तर प्रदेश के राज्य प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों से जांच की मांग की है। सरोजिनी नगर थाना प्रभारी को भेजे गए शिकायती पत्र में ठाकुर अनिल सिंह ने कहा है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा दान किए गए जेवरात एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं को लेकर विभिन्न स्तरों पर जांच चल रही है। ऐसे में शिवसेना द्वारा मंदिर निर्माण के लिए समर्पित की गई 4 किलो चांदी की ईंट की स्थिति भी स्पष्ट की जानी चाहिए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि शिवसेना पक्ष प्रमुख स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की प्रेरणा से मंदिर निर्माण हेतु पूर्व में एक करोड़ रुपये का दान चेक के माध्यम से दिया गया था। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में हजारों शिवसैनिकों और साधु-संतों की उपस्थिति में शिवसेना की ओर से 4 किलो चांदी की ईंट भी मंदिर ट्रस्ट को भेंट की गई थी। आरोप है कि उक्त चांदी की ईंट की रसीद आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। ठाकुर अनिल सिंह ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मंदिर में दान की गई अन्य सामग्री की जांच हो रही है तो शिवसेना द्वारा भेंट की गई चांदी की ईंट की वर्तमान स्थिति, अभिलेखों और सुरक्षा संबंधी विवरणों की भी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि संबंधित अधिकारियों एवं एसआईटी के माध्यम से मामले की जांच कराकर चांदी की ईंट तथा अन्य दान सामग्री का सत्यापन कराया जाए और उसकी स्थिति सार्वजनिक की जाए। शिवसेना यूबीटी नेता ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने तथा पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने की मांग की है।

# आदिवासियों के जल जंगल और जमीन पर हो रहे हैं कब्जे : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके संगी साथियों ने आदिवासियों का हक छीना हैं। आदिवासियों के साथ बड़ी साजिश की जा रही हैं। आदिवासियों के जल जंगल और जमीन पर कब्जा कर रहे है। उनकी परंपराओं को खत्म कर रहे हैं। उनको नौकरियों से वंचित कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने 69000 शिक्षक भर्ती में आदिवासी समाज के किसी नौजवान को नौकरी नहीं दी। बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बहादुरी के साथ संघर्ष किया। भारत में रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई समेत बड़ी संख्या में बहादुर महिलाओं का इतिहास है, जिन्होंने समाज और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी कुबार्नी दी। श्री यादव ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार में विश्व स्तरीय लखनऊ गोमती रिवर फ्रंट पर महारानी दुर्गावती की भव्य सोने की प्रतिमा लगाई जाएगी। समाजवादी पार्टी की सरकार में अधिकारी गांव-गांव जाकर खुद आदिवासी समाज के भाइयों-बहनों का प्रमाण पत्र बनाएंगे, उन्हें प्रमाण पत्र के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। आदिवासी समाज मांग करेगा तो उनके समाज में जो भी हत्याएं हुई हैं उनकी सीबीआई से जांच कराई जाएगी। जिन परिवारों की हत्याएं हुई हैं उनकी मदद की जायेगी। आदिवासी भाइयों-बहनों को लोहिया आवास के तहत पक्का मकान दिया जाएगा। अनुसूचित जनजाति के लिए अलग से आयोग बनाया जाएगा।

# घाटमपुर फ्लाईओवर का मरम्मत कार्य शुरू, 10 जुलाई तक बहाल होगा यातायात

**कानपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने घाटमपुर फ्लाईओवर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया है। मरम्मत कार्य को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है, ताकि फ्लाईओवर को सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए शीघ्र पुनः खोला जा सके।



एनएचएआई के अनुसार, सबसे पहले फ्लाईओवर के क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाया जाएगा। इसके बाद पुनः ढलाई (री-कास्टिंग) के लिए स्टेजिंग एवं शटरिंग का कार्य किया जाएगा। अगले चरण में सरियों (रीइन्फोर्समेंट) को लगाया जाएगा, जिसके उपरांत क्षतिग्रस्त डेक स्लैब की पुनः ढलाई की जाएगी। कंक्रीट की गुणवत्ता एवं मजबूती सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित अवधि तक क्योरिंग की जाएगी। मरम्मत कार्य के अंतिम चरण में बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने का कार्य संपन्न किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि सभी चरणों का कार्य पूरा होने के बाद फ्लाईओवर को 10 जुलाई 2026 तक यातायात के लिए पुनः खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एनएचएआई ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान निर्धारित डायवर्जन एवं यातायात व्यवस्था का पालन करें तथा प्रशासन का सहयोग करें, जिससे कार्य को सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

# नाबालिग के गर्भपात संबंधी स्टिंग ऑपरेशन के जांच के आदेश

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट


**लखनऊ।** मऊ में किशोरियों के गर्भपात संबंधी एक अखबार के स्टिंग ऑपरेशन संबंधी खबर का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की है। स्टिंग ऑपरेशन पांच अस्पतालों में किया गया था। डमी मरीज के नाम पर स्टिंग किया गया। साथ ही मेडिकल स्टोर में बिना डॉक्टर की सलाह के गर्भपात संबंधित गोलियों की बिक्री की बात भी कही गई। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस तरह की घटनाएं बेहद गंभीर हैं। इससे न केवल मरीजों के हितों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि चिकित्सा विभाग की छवि भी धूमिल होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच निष्पक्ष तरीके से कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**दवा ठेकों की जांच रिपोर्ट में देरी, डिप्टी सीएम नाराज ....लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन में फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर करोड़ों रुपये के दवा ठेके दिए जाने के मामले में जांच रिपोर्ट समय पर न मिलने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर जांच आख्या अविलंब प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# एकेटीयू अपने शिक्षकों को दीक्षांत समारोह में देगा एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड

अमन लेखनी समाचार

- सात जुलाई को समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों मिलेगा अवार्ड
- अवार्ड के लिए शिक्षकों से विश्वविद्यालय ने आवेदन मांगा, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार शिक्षकों का होगा चयन



**लखनऊ।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट शिक्षकों को दीक्षांत समारोह में सम्मानित करेगा। इसके लिए अकादमिक क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले शिक्षकों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड दिया जाएगा। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों सम्मान पाने वाले शिक्षकों के चयन के लिए 28 जून तक आवेदन मांगे गये हैं।

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में एक्सीलेंस अवार्ड के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के शिक्षक आवेदन कर सकेंगे, इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर, एसो. प्रोफेसर एवं प्रोफेसर शामिल किये जाएंगे। साथ ही आवेदन करने वाले शिक्षक का नामांकित संस्थान में लगातार कम से कम तीन सालों तक अध्यापन जरूरी है। एक्सीलेंस अवार्ड संबद्ध संस्थानों के तीन एवं विश्वविद्यालय के एसोसिएटेड संस्थानों के एक शिक्षक को मिलेगा।

अवार्ड के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों का चयन विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित अंकों के आधार पर दिया जाएगा। कुल अलग-अलग क्षेत्रों के लिए पांच सौ अंक तय किये गये हैं, इसमें विभिन्न शोध पत्रों में प्रकाशित शोध पत्र, पेटेंट और कॉपीराइट, पुस्तक प्रकाशन एवं संपादन, प्रोजेक्ट फंडिंग एवं ग्रांट, शोध छात्रों का निर्देशन, एच इंडेक्स एवं साइटेशन, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में योगदान, विश्वविद्यालय की एकेडमिक समितियों में कार्य, संस्थान में प्रशासनिक कार्य, अवार्ड एवं अचीवमेंट, एफडीपी, कार्यशाला में प्रतिभाग आदि को चयन का आधार बनाया गया है। आवेदनों का मूल्यांकन स्क्रीनिंग कमेटी करेगी। प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किये हैं।

# बीटेक में प्रवेश 30 जून तक

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चल रही पंजीकरण प्रक्रिया को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया गया है। पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 जून तक थी।

पांच एवं दो विशेष चरणों में होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत पहले चरण की च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग चार जुलाई से सात जुलाई तक होगी, जबकि सीट अलॉटमेंट नौ जुलाई को किया जाएगा। वहीं सीट कंफर्मेशन एवं फ्रीज एवं सीट फ्लोट नौ जुलाई से 12 जुलाई तक चलेगा। दूसरे चरण में च्वॉइस फिलिंग 13 जुलाई से 14 जुलाई तक होगी। सीट अलॉटमेंट 16 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क 16 से 18 जुलाई तक जमा होगा। सीट फ्रीज एवं फ्लोट 16 से 18 जुलाई तक होगी। तीसरे चरण में ऑनलाइन च्वॉइस लॉकिंग 19 से 20 जुलाई तक होगी। सीट अलॉटमेंट 22 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क एवं सीट फ्रीज एवं फ्लोट 22 से 23 जुलाई तक किया जा सकेगा।

चौथे चरण में सीट अलॉटमेंट 24 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क 24 से 26 जुलाई तक किया जाएगा। ऑनलाइन सीट विड्रा 24 से 29 जुलाई तक करने का मौका मिलेगा। पहले चार चरणों में सीट लॉक करने वालों को 27 से 29 जुलाई तक फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। अभी तक करीब 95 हजार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

## एमटेक के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

**लखनऊ।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर के एमटेक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# उत्तर प्रदेश में 5 स्मारक मित्रों का चयन

## 26 अन्य धरोहर स्थलों के लिए प्रक्रिया शुरू

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की एडॉप्ट ए हेरिटेज पॉलिसी के अंतर्गत प्रदेश की सांस्कृतिक और पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अब तक पांच स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। वहीं, अगले चरण में 26 अन्य संरक्षित स्मारकों और प्राचीन स्थलों के लिए स्मारक मित्र नामित करने की प्रक्रिया जारी है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से निजी एवं सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि वर्तमान में कुसुमवन सरोवर, रसखान की समाधि और पोतराकुंड (मथुरा), लक्ष्मी मंदिर (झांसी) तथा हुलासखेड़ा पुरास्थल (लखनऊ) के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अगले चरण में 26 अन्य संरक्षित स्मारकों एवं पुरास्थलों के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से कॉर्पोरेट संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, गैर-सरकारी संगठन तथा अन्य इच्छुक संस्थाएं स्मारकों के संरक्षण और पर्यटक सुविधाओं के विकास में योगदान दे सकेंगी। जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी संरक्षित स्मारकों और पुरास्थलों पर चरणबद्ध तरीके से स्मारक मित्र नामित किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक संगठनों एवं अन्य पात्र हितधारकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरें हमारी सामूहिक चेतना और गौरवशाली इतिहास की प्रतीक हैं। इनके संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। स्मारक मित्रों की सहभागिता से न केवल इन धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि इनके प्रति लोगों में अपनत्व और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस योजना के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन विकास को भी नई गति मिलेगी। स्मारकों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास होने से पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्मारक मित्रों के सहयोग से पर्यटक सुविधाओं का विस्तार, जनजागरूकता अभियान तथा धरोहर संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। साथ ही युवा पीढ़ी को प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा।

## संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का क्षत विक्षत मिला शव

उन्नाव। अचलगंज रायबरेली जाने वाले रेलवे ट्रैक पर कोरारी कला घनश्याम खेड़ा गांव के बीच एक चालीस वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का कटा हुआ शव ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस को मिला है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवाया दिया है। मंगलवार की रात करीब दस बजे थाना क्षेत्र के कोरारी रेलवे स्टेशन से घनश्याम खेड़ा मध्य रेलवे ट्रैक पर खंबा नंबर 175/ 7/ 8 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति का छत विक्षत शव पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस आस पास के लोगों से शिनाख्त कराने की कोशिश किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है।थानाध्यक्ष सुब्रत त्रिपाठी ने बताया कि मृतक गुलाबी रंग की फुल शर्ट , काली अंडर वियर पहने था साथ में काले रंग का अंगौछा मौजूद मिला है । शव काफी छत विक्षत होने के साथ जंगली जानवरों द्वारा उसे काटे जाने के भी निशान मिले है।लोगों का अनुमान है कि शाम को ऊंचाहार जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन से दुर्घटना हुई होगी। पुलिस ने ग्रामीणों से शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।शव के शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### पुत्री हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पुत्री का अपहरण हो जाने से आहत पिता द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के टाउन एरिया भगवंतनगर के निवासी एक पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 26 वर्षीय पुत्री को सलमान खान उर्फ गोलू पुत्र सलीमखान बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है।उसको भगाने में उसकी माता,दामाद व भाई का भी हाथ है।उसकी बेटी अपने साथ एक लाख रुपये नगद व जेवर लेकर भागी है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है लड़की की खोजबीन की जा रही है।

### कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

बांगरमऊ, उन्नाव।ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित होने वाली भगवत कथा समापन के बाद बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बांगरमऊ के गांव फतेहपुर खालसा में ग्राम वासियों के सहयोग से बीते 17 जून से भगवत कथा का आयोजन हो रहा था 23 जून की शाम तक चले भक्ति के इस समागम में भगवताचार्य द्वारा भगवत गीता आधारित कई तरह से भगवान की लीलाओं का बखान किया गया। भगवत कथा समापन के बाद बुधवार को हवन पूजन के साथ ही कन्याभोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया सुबह पहर से शुरू हुआ भंडारा कार्यक्रम शाम पहर तक चलता रहा इस भंडारे में गांव के अलावा आसपास गांवों के भी तमाम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# जेल में बंद कैदी की मौत परिजनो ने पुलिस पर पिटाई करने का लगाया आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। धारदार हथियार से हमले के मामले में जेल भेजे गए एक आरोपी की बुधवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। आरोपी की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने शव को अस्पताल गेट के बाहर रखकर सड़क जाम कर दी। वहीं, जेल प्रशासन ने मामले की जांच कराने की बात कही है। आसीवन थाना क्षेत्र के बेगम नगर रसूलाबाद निवासी शाहरुख अहमद ने पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि 21 जून की दोपहर करीब डेढ़ बजे उनका छोटा भाई अनस पुत्र निहाल अहमद नुरुल्लानगर स्थित विमल अवस्थी के आम के बाग की रखवाली कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान नुरुल्लानगर निवासी आदिल पुत्र शफीक और उसके पिता शफीक अहमद ने अनस को घर बुलाया और जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार (चपड़) से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो अनस जमीन पर घायल अवस्था में पड़ा मिला।उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया।फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।आसीवन पुलिस ने आरोपी शफीक अहमद (45) पुत्र मुन्ना निवासी नुरुल्लानगर को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर जिला जेल भेज दिया था। जेल प्रशासन के अनुसार, शफीक अहमद को मंगलवार शाम जिला जेल में दाखिल किया गया था। बुधवार दोपहर करीब दो बजे अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। जेल कर्मी राजीव शुक्ला और सचिन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर आशीष सिंह ने उसका इलाज शुरू किया। उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस की पिटाई के कारण शफीक की मौत हुई है, जिसकी जांच की मांग की जा रही है।आरोपी की मौत की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने पुलिस पर आरोपी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया।जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि आरोपी को मंगलवार शाम जेल में दाखिल किया गया था। बुधवार को उसकी तबीयत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले की जांच कराई जाएगी। वहीं आसीवन थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि चपड़ से हमला कर एक युवक को घायल करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।मौत के कारणों की जांच संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाएगी।आरोपी की मौत के बाद परिजनों द्वारा पुलिस पर लगाए गए आरोपों को लेकर जांच की बात कही जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

# गंदगी से पटे नाले नगर पालिका प्रशासन मौन

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। शासन द्वारा बरसात से पहले नगर के सभी बड़े-छोटे नालों की सफाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। ताकि जलभराव और संक्रामक बीमारियों की समस्या उत्पन्न न हो।लेकिन यहाँ नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही और मनमानी के चलते इन निर्देशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। नगर के नानामऊ मार्ग स्थित नालों की स्थिति पालिका के सफाई दावों की पोल खोल रही है।

नागरिकों के अनुसार नालों पर रखी आरसीसी पटिया लगभग दस वर्षों से हटाई ही नहीं गई हैं।ऐसे में नालों की वास्तविक सफाई होना संभव नहीं है। ऊपर से झाड़ू लगाकर और कूड़ा हटाकर सफाई का दावा किया जा रहा है।जबकि नालों के भीतर वर्षों से जमा सिल्ट, कूड़ा-कचरा और गंदगी जस की तस बनी हुई है।बरसात का मौसम शुरू होने के साथ ही लोगों की चिंता बढ़ गई है।नागरिकों का कहना है कि मामूली बारिश होने पर भी नाले उफनाने लगते हैं और पानी सड़क पर भर जाता है।यदि समय रहते नालों की समुचित सफाई नहीं कराई गई तो दुकानों और मकानों में पानी घुसने की पूरी आशंका है। इससे लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।नागरिकों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन केवल कागजों में सफाई अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारियों की इतिश्री कर रहा है। वर्षों से जमी गाद निकालने और आरसीसी पटिया हटाकर नालों की गहन सफाई कराने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।अर्पित मिश्रा, वीरेंद्र अवस्थी, रविकांत गुप्ता,सुनील चौधरी, संजीव शुक्ला, आशीष, मनीष, ललित मोहन आदि लोगों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर नालों की तत्काल सफाई कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। नगरवासियों का कहना है कि यदि बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

# ई रजिस्ट्री प्रणाली परिवर्तन को लेकर बार एसोसिएशन ने जताया विरोध

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में ई-स्टाम्पिंग/ ई रजिस्टी प्रणाली में परिवर्तन किए जाने को लेकर बीघापुर उन्नाव बार एसोसिएशन ने विरोध करते हुए कहा ई-स्टाम्प व्यवस्था समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग कर न्यायिक कार्य से विरत रहे । बीघापुर उन्नाव बार एसोसियेशन महामंत्री मनीष जयसवाल की अध्यक्षता मे अधिवक्ताओं ने बैठक कर सरकार द्वारा लागू ईस्टाम्पिंग एवं ई रजिस्ट्रीकरण लागू किये जाने का विरोध किया ।इस सम्बन्ध मे बार एसोसिएशन अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह चौहान ने अपनी मांगो का ज्ञापन उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह को दिया । ज्ञापन मे रजिस्ट्री सम्बन्धी पुरानी व्यवस्था लागू किए जाने और नई व्यवस्था समाप्त किए जाने की मांग किया।ई-स्टाम्प क्रय व रजिस्ट्री किये जाने सम्बन्धी व्यवस्था में किये गये परिवर्तन को वापस लिया जाय। इस अवसर पर रणविजय सिंह, प्रभात सिंह , मुनेश शुक्ला , कमलेश , निर्मल , शेर बहादुर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे ।

# साधु हत्याकांड आरोपी के अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। साधु मिलन दास हत्याकांड के बाद प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार दोपहर एक बजे बांगरमऊ क्षेत्र में नगर पालिका प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में सभासद अतीक की तीन बिस्वा जमीन पर किए गए कथित अवैध कब्जे को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई बांगरमऊ-बिल्हौर बाईपास मार्ग स्थित जमीन पर की गई।प्रशासन को शिकायत मिली थी कि सभासद अतीक ने इस तीन बिस्वा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका बांगरमऊ की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण और कब्जे को हटाया। गौरतलब है कि साधु मिलन दास की हत्या 9 जून को हुई थी।इस मामले के सामने आने के बाद प्रशासन ने आरोपियों और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। आरोप है कि साधु मिलन दास की हत्या सभासद अतीक के परिसर में ही की गई थी। इसी मामले में प्रशासन पहले भी सभासद के परिसर पर बुलडोजर कार्रवाई कर चुका है।कार्रवाई के दौरान नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। प्रशासन की टीम ने पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।प्रशासन ने बताया कि सरकारी जमीनों और अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। जांच में जहां भी अवैध कब्जे पाए जा रहे हैं, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों में प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर चर्चा है। उनका कहना है कि साधु हत्याकांड के बाद जिस तरह से आरोपियों से जुड़े ठिकानों पर कार्रवाई हो रही है, उससे अपराधियों को सख्त संदेश मिल रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीमें फिलहाल मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही हैं। साधु मिलन दास हत्याकांड में आगे की जांच के आधार पर अन्य कदम उठाए जाने की संभावना है।

# जिला बदर अपराधी को क्षेत्र में घूमते समय पुलिस ने धर दबोचा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अचलगंज क्षेत्र में घूमते पाए गए एक जिला बदर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है । थाना क्षेत्र के गंगा कटरी स्थित ग्राम बद्दलपुरवा निवासी 21 वर्षीय अनुज उर्फ मंटानी के ऊपर मारपीट,छेड़खानी,महिला को भगा ले जाने संबंधी कई मामला अचलगंज थाना में दर्ज है जिसको पुलिस ने गुंडा एक्ट में निरुद्ध कर रखा है अभी हाल ही में 8 जून को जिलाधिकारी के अनुमोदन पर जिला बदर घोषित किया गया था पुलिस ने उससे जिले से बाहर रहने की नोटिस दे र है। बुधवार को बेथर चौकी के उपनिरीक्षक जय प्रकाश भारती अनुज पुलिस से नजर बचा कर क्षेत्र में ही घूम रहा है ।बुधवार को एस आई जयप्रकाश सिंह भारती ने उक्त जिला बदर अपराधी को बेथर से कोलुहागाड़ा जाने वाले मार्ग पर हाइवे पुल के नीचे घूमते पाए जाने




पर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है ।एस ओ सुब्रत त्रिपाठी ने बताया कि अनुज को जेल भेजा गया है।

# सुने घर को चोरों ने बनाया अपना निशाना नगदी समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित कल्याणी देवी मोहल्ले में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। परिवार के लोग गांव में भण्डारे कार्यक्रम में गए थे, चोर लाखों रुपये के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घर मालिक के देर रात लौटने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।कल्याणी देवी मोहल्ला निवासी अर्पित किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके सूने मकान की रेकी की और वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में घुसकर कमरों और अलमारियों को खंगालते रहे। उन्होंने सोने-चांदी के आभूषणों के साथ घर में रखी 50 हजार रुपये की नकदी भी चुरा ली।देर रात अर्पित जब घर लौटे, तो उन्होंने मुख्य कमरों का सामान अस्त-व्यस्त पाया। अलमारी और अन्य स्थानों पर सामान बिखरा देखकर उन्हें चोरी का संदेह हुआ। जांच करने पर जेवरात और नकदी गायब मिली। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर सुराग जुटाने का प्रयास किया। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अब चोरों तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।अधिकारियों के अनुसार, फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है और चोरी को अंजाम देने वाले गिरोह के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली इंस्पेक्टर सीके मिश्र ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

# पूर्व चेयरमैन के निज निवास पर उमड़ा जनसैलाब, विशाल भंडारे और सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



मौरावां, उन्नाव। पूर्व चेयरमैन के निज निवास पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष के घर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल सुंदरकांड पाठ और भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। नवनीत शुक्ला पूर्व चेयरमैन के निज निवास पर कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य राम शंकर पाण्डेय द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन और सुंदरकांड के संगीतमय पाठ के साथ हुई।सुंदरकांड की चौपाइयों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पाठ की समाप्ति के बाद मुख्य आरती हुई और हनुमान जी को भोग लगाया गया।इसके पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। भंडारे मे कस्बा वासियों और आसपास के गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। सुनील मिश्रा पत्रकार, मनोज कुमार चौरसिया उर्फ मदन चौरसिया हरीराम यादव , नीरज सोनी, दिनेश साहू मौरावां, नवनीत शुक्ला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। कस्बेवासियों के अनुसार, इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द और धार्मिक चेतना को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख रोहित शुक्ला, भाजपा नेता मोहित शुक्ला, अमित शुक्ला, सोनू पाठक, गोल्डी अवस्थी, मुनार अवस्थी, पंकज लोधी सभासद, कुलदीप अवस्थी, सुनील सविता, सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त गण मौजूद रहे और प्रशाद चखा।

# कोचिंग सेंटरों पर प्रशासन की कार्यवाही तीन कोचिंग सेंटर सीज

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।कोचिंग सेंटरों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। लखनऊ अग्निकांड के बाद प्रदेशव्यापी जांच अभियान के तहत बुधवार को संयुक्त टीम ने कई संस्थानों का निरीक्षण किया। सुरक्षा मानकों में खामियां मिलने पर तीन कोचिंग सेंटर सीज किए गए हैं।उन्नाव विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने इस जांच अभियान का नेतृत्व किया।टीम ने कोचिंग सेंटरों में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था, भवन की स्वीकृति, पंजीकरण, आपातकालीन निकास और विद्युत सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मानकों की गहन पड़ताल की।निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई गई।इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शहर के गुरुकुल कोचिंग सेंटर और नजर कोचिंग सेंटर को सीज कर दिया।जिले में कुल तीन कोचिंग संस्थानों पर यह कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के दौरान यूडीए विभाग के जेई कमल दीप सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।टीम ने मौके पर दस्तावेजों की जांच की और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना फायर एनओसी, मानक के अनुरूप भवन व्यवस्था और आवश्यक पंजीकरण के संचालित होने वाले कोचिंग संस्थानों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने बताया कि लगातार जांच कर कार्रवाई की जा रही है।यूडीए ने भी सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बरतते हुए जांच अभियान को तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह विशेष अभियान शासन और मुख्यमंत्री के निर्देशों पर छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चलाया जा रहा है। जांच में जो भी संस्थान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कासिम की याद में ताबूत व अलम का निकाला गया जुलूस

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव।सफीपुर स्थित आसीवन और कादिरपुर मुशीराबाद में मोहर्रम की सातवीं तारीख को हजरत कासिम की याद में ताबूत और अलम का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस 7 मोहर्रम को शुरू होकर 8 मोहर्रम की सुबह समाप्त हुआ। इस दौरान अंजुमनों ने मातम किया और आसपास के एक दर्जन गांवों से गुजरा।जुलूस के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने सबील लगाकर पानी और शरबत का वितरण किया। अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की सवारी के प्रतीक दुलदुल घोड़े को दूध और जलेबी खिलाकर मन्नतें मांगीं। यह जुलूस कर्बला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन के भतीजे हजरत मोहम्मद कासिम की शहादत की याद में निकाला गया। कर्बला के युद्ध के दौरान 7 मोहर्रम से यजीद की फौज ने इमाम हुसैन और उनके काफिले के लिए नहर-ए-फरात के पानी पर पाबंदी लगा दी थी, जिससे बच्चों और महिलाओं को भीषण प्यास का सामना करना पड़ा। इमाम हुसैन ने यजीदियों से दोस्ती से इनकार कर दिया, जिसके बाद हुई जंग में हजरत मोहम्मद कासिम शहीद हो गए थे ।जुलूस में अंजुमन-ए-इस्लामिया, अंजुमन-ए-शब्बीरिया और अंजुमन-ए-हैदरी के सदस्यों ने नोहा पढ़कर मातम किया। तख्त और अलम का यह जुलूस पूरे गांव का भ्रमण करते हुए 8 मोहर्रम की सुबह करीब चार बजे संपन्न हुआ। इस अवसर पर सज्जादानशीन अनवर रहमान जीलानी सफवी, फैसल रहमान सफवी, जैद रहमान सफवी, जिला पंचायत सदस्य फरान रहमान सफवी, अजीम रहमान सफवी, जिबरान रहमान सफवी, माहे आलम खान, शब्बीर अली शाह, मोहम्मद फैयाज, युवा नेता हाशिम खान, अब्दुर्रहमान चौधरी, अनीस नम्बरदार सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसीवन पुलिस बल भी तैनात रहा।

## देवी मंदिर के पुजारी के साथ लोगों ने की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।दही थाना क्षेत्र के मैता गांव के रहने वाले अनिल कुमार सैनी ने आरोप लगाते हुए पुलिस को एक शिकायती पत्र दिया है।जिसमें बताया है कि मंगलवार रात 7.30 बजे बरिगवा स्थित माँ जालिपा मंदिर से पूजा समाप्त कर अपने घर जाने के लिए बाहर निकला तभी बरिगवा गांव के कुछ लोग गाली गलौज करते हुए बेवजह मारपीट करने लगे। जब अनिल कुमार सैनी ने बचाव के लिए गुहार लगाई तो गांव वालों को आता देख वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।जिसके बाद पुजारी अनिल कुमार सैनी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाइ है ।जिस पर पुलिस ने मोहित श्यामलाल वीरेंद्र रामकिशोर निवासी बरिगवा पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुजारी अनिल कुमार सैनी ने बताया कि जालिपा देवी मंदिर की भूमि पर अवैध तरीके से मकान में दुकानें बनी हुई है।और जमीन खाली नहीं कर रहे हैं।जिसको लेकर मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है।इसी के चलते मारपीट की है।थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है।मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## दबंगो ने खेत पर किया कब्जा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम केशरीखेड़ा निवासी आशीष सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि ग्राम भदेवरा मे भूमि संख्या 269 रकबा 0.9480 हेक्टेयर का 1/8 का संक्रमणीय भूमिधर हूँ ।मेरी जमीन पर भदेवरा निवासी अरुण प्रताप सिंह , नितिन सिंह ,दलविजय सिंह ने मिल कर ट्रेक्टर से जोत कर कब्जा कर लिया ।जानकारी होने पर दिल्ली से गांव आया तो अपनी मां उपासना सिंह के साथ अपने खेत पहुंचा तो पीआरवी को फोन कर जानकारी दी ।पीआरवी की सूचना पर पहुंचे अरुण प्रताप सिंह , नितिन सिंह, दलविजय निवासी भदेवरा व गोविन्द सिंह निवासी समस्तपुर प्रतापगढ़ ने मिलकर मुझे व मेरी मां को मारापीटा और मेरी कार का शीशा तोड़ दिया ।जिससे मेरा करीब 20हजार रुपये का नुकसान हो गया ।मेरी बाउंड्री तोड़ कर मेरी गिट्टी व मौरंग फैला दिया ।कहा यहां दिखाई पड़े तो जान से मार देंगे ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया ।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर लिया है ।जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

# कोर्ट के निर्देश पर पांच लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**




बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र की एक युवती द्वारा न्यायालय में दायर वाद पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने सिविल जज (फास्ट ट्रैक कोर्ट) में दायर प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्ष 2025 में उसकी पहचान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से जनपद कासगंज के थाना सहावर क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी शिवकुमारी नामक महिला से हुई थी। बातचीत बढ़ने पर महिला को उसके विधवा होने तथा चार वर्षीय पुत्र होने की जानकारी भी थी।

आरोप है कि शिवकुमारी ने उसे नोएडा में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 अक्टूबर 2025 को गदनखेड़ा बाईपास से अपने पुत्र अतुल और मित्र सचिन भाटी के साथ नोएडा बुला लिया, जहां उससे घरेलू कार्य कराया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार चार दिन बाद शिवकुमारी, उसका पुत्र अतुल, उसकी पुत्री, देवर तथा अतुल के मित्र ने उसे डरा-धमकाकर 14 अक्टूबर को अदालत में अतुल के साथ विवाह करा दिया।

युवती का आरोप है कि विवाह के बाद उसे गैर पुरुषों के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। इसी दौरान वह गर्भवती हुई और उसने एक पुत्री को जन्म दिया। कुछ माह बाद आरोपितों ने उसे नशीली दवाएं देना शुरू कर दिया और बाहरी व्यक्तियों के साथ उसका शारीरिक शोषण कराने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी तथा मायके से दहेज में रुपये लाने का दबाव बनाया जाता था।पीड़िता ने बताया कि किसी तरह मौका पाकर उसने आरोपितों के फोन से पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने उसके भाई को बुलाकर उसे उसके घर भिजवा दिया।युवती का कहना है कि उसने पहले कोतवाली पुलिस और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### आत्महत्या करने जा रहे युवक की जान बचाई

**यूपी-112 और रामगंज पुलिस ने कोका कोला फैक्ट्री के पास से सकुशल बरामद किया**

अमेठी में यूपी-112 पीआरवी 5343 और रामगंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक युवक की जान बच गई। युवक पारिवारिक विवाद के कारण आत्महत्या करने के इरादे से घर से निकला था। उसे कोका कोला फैक्ट्री के पास से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।यह घटना बीती रात हुई, जब एक युवक पारिवारिक विवाद के बाद अपनी सफेद स्कूटी से आत्महत्या करने के लिए घर से निकल गया। उसके दोस्त ने तत्काल यूपी-112 पर कॉल कर पुलिस सहायता मांगी और बताया कि उसका दोस्त आत्महत्या करने जा रहा है।सूचना मिलते ही पीआरवी 5343 के कमांडर हे.का. जय प्रकाश सिंह, सब कमांडर का. अनिल कुमार वर्मा और पायलट मु.आ. चा. दीपक कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक रामगंज को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने सर्विलांस टीम की मदद से युवक की लोकेशन ट्रेस कराई।लोकेशन के आधार पर, पीआरवी 5343 और थाना रामगंज पुलिस ने युवक को कोका कोला फैक्ट्री के पास से ढूंढ निकाला। पुलिसकर्मियों ने उसे धैर्यपूर्वक समझाया और परिजनों को उसकी काउंसलिंग कराई। बाद में युवक को उसके दोस्त (कॉलर) के सुपुर्द कर दिया गया।समय पर मिली मदद से युवक की जान बच गई। कॉलर ने यूपी-112 पीआरवी और रामगंज पुलिस की तत्परता तथा मानवीय व्यवहार की सराहना की।

### गौरीगंज तहसील की पानी टंकी खुली, अंदर कचरा

**दूषित पानी पीने को मजबूर लोग, बीमारी का खतरा**

अमेठी , गौरीगंज तहसील में पानी की टंकी खुली होने से उसमें कचरा जमा हो गया है। टंकी के आसपास भी कूड़े का ढेर लगा है। स्थानीय निवासियों और अधिवक्ताओं ने दूषित पानी से बीमारी फैलने की आशंका जताई है।अधिवक्ताओं के अनुसार, तहसील में आने वाले फरियादी यह गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एडवोकेट अनिल शुक्ला ने आरोप लगाया कि जिले के सफाई कर्मचारी अधिकारियों के निजी कामों में लगे हैं, बजाय सफाई करने के।अधिवक्ता प्रवीण ने बताया कि तहसीलों में गंदगी अपने चरम पर है और भीषण गर्मी में लोगों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है। एक कर्मचारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि वे बीमारियों से बचने के लिए बोतलबंद पानी खरीदते हैं। गौरीगंज तहसील की दूसरी मंजिल पर स्थित यह पानी की टंकी खुली है और इसमें पानी के साथ कचरा भी मौजूद है इस संबंध में गौरीगंज तहसील के तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा नें राष्ट्रपति कों सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में दिन प्रतिदिन लोगों का आक्रोश बढ़ता साफ देखा जा सकता है।पीड़ित परिवार व भरत तिवारी कों न्याय दिलाने और दोषी व्यक्तियों पर सक्त कार्यवाही सुनिश्चित हेतु जिसको लेकर मनोज पाण्डेय जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट बहराइच कों राष्ट्रपति कों सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय नें कहा कि वर्तमान समय में बिहार प्रदेश की सरकार पूर्ण रूप से निरंकुश व अत्याचारी हो गई है, जिसकी वजह से आज पूरा देश आक्रोशित है।वही जिला महामंत्री राजन शुक्ला (एडवोकेट) नें बताया कि बिहार प्रदेश के भोजपुर जिले के अन्तर्गत बिलौटी ग्राम निवासी भरत भूषण तिवारी कों सरेन्डर करने के पश्चात सरेआम गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है। उक्त घटना की राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा बहराइच द्वारा दिए गए ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की है कि घटना की जांच बिहार पुलिस से न करवाकर सीबीआई से कराने, मृतक भरत भूषण तिवारी के परिवार को एक करोड़ रुपए की नगद सहायता व घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने, मृतक भरत भूषण तिवारी को शहीद का दर्जा दिए जाये, घटना में शामिल दोषी पुलिस कर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।इस मौके पर अनुज पाण्डेय, तरुण श्रीवास्तव, अंकित आदि उपस्थित रहे।

# या हुसैन की सदाओं के बीच निकला सातवीं मोहर्रम का जुलूस

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा के चकिया रोड चौराहे से सातवीं मोहर्रम का ऐतिहासिक जुलूस शाम को या हुसैन की सदाओ के साथ निकाला गया जुलूस चकिया रोड चौराहे से रुपईडीहा जामा मस्जिद पहुंचकर सलातो सलाम पेश करने के बाद नोहा ख्वानी करता हुआ रामलीला चौराहा बजाज मार्केट से होते हुए आजाद रोड मुनीरगंज नई बस्ती मुस्लिम बाग से निकलकर रुपईडीहा गांव की अंजुमन से मिलने के पश्चात पुनः चकिया रोड चौराहे पर सभी अंजुमनों के साथ समाप्त किया गया बड़ी संख्या में अकीदत मंद नम आंखों के साथ अपने प्यारे हुसैन वह कर्बला के शहीदों को याद करते हुए अपने अलम को लेकर जुलूस में चल रहे थे इस अवसर पर नगर की केंद्रीय मोहर्रम चेहल्लुम कमेटी सहित रुपईडीहा गांव नई बस्ती बस्थनवा मीरगंज की अंजुमन के लोगों ने अपने-अपने जुलूस के साथ थे।

# रूपईडीहा में औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर मारा छापा, अनियमितताएं मिलने पर पांच मेडिकल स्टोरों पर दवा क्रय-विक्रय पर रोक

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे कस्बा रुपईडीहा में बुधवार को औषधि विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोरों पर सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाए जाने पर पांच मेडिकल स्टोरों के औषधियों के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया। सहायक आयुक्त औषधि, देवीपाटन मंडल गोंडा पी.सी. रस्तोगी के नेतृत्व में औषधि विभाग की टीम तथा थाना रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने कस्बे के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान आकाश मेडिकल स्टोर, आराध्या मेडिकल स्टोर, लक्ष्मी मेडिकल स्टोर, चंद्रा मेडिकल स्टोर तथा कृष्णा मेडिकल स्टोर की जांच की गई।निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से इन मेडिकल स्टोरों पर औषधियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी। साथ ही संबंधित फर्म संचालकों को निर्देशित किया गया कि अग्रिम आदेश जारी होने तक किसी भी प्रकार की दवाओं की खरीद एवं बिक्री न करें।प्रभारी निरीक्षक थाना रुपईडीहा ने बताया कि औषधियों की बिक्री से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए आगे भी जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

# कैसरगंज में मानक विहीन कोचिंग संस्थानों पर प्रशासन का शिकंजा, दो संस्थान सील

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। जनपद में संचालित कोचिंग संस्थानों की जांच और छापेमारी अभियान के तहत मंगलवार को उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया। संयुक्त टीम में पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव, फायर विभाग की टीम तथा नगर पंचायत कैसरगंज के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने कैसरगंज कस्बे में संचालित प्रोग्रेसिव लक्ष्य एजुकेशन इंस्टीट्यूट एवं टार्गेट लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान आवश्यक मानकों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां पाए जाने पर दोनों संस्थानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन के निदेशानुसार कोचिंग संस्थानों की जांच की जा रही है। जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा, भवन सुरक्षा, पंजीकरण अथवा अन्य आवश्यक मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में संचालित अन्य कोचिंग संस्थानों में भी हड़कंप मच गया। कई संचालक अपने संस्थानों के अभिलेख एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गए। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर अभिभावकों ने भी संतोष व्यक्त किया और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मानक विहीन संस्थानों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से कोचिंग संचालकों में खलबली मची हुई है तथा पूरे क्षेत्र में इसकी चर्चा बनी हुई है।

# उन्नाव पुलिस विभाग में महिला कर्मियों के तबादले, 21 महिला आरक्षियों को नई तैनाती

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव, 25 जून। पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा जारी आदेश के तहत जनपद में कार्यरत 21 महिला पुलिस कर्मियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है। जारी सूची के अनुसार महिला थाना में तैनात अधिकांश महिला आरक्षियों को विभिन्न थानों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं एक महिला आरक्षी को एसपीसी सेल में स्थानांतरित किया गया है।आदेश के अनुसार महिला थाना में तैनात मीता कुशवाहा को थाना बीघापुर, दीपी त्रिपाठी को थाना अचलगंज, गीता देवी को थाना दही तथा अमिता चौधरी को थाना अजगैन भेजा गया है। इसी प्रकार सुनीता को गंगाघाट, ममता देवी को पुरवा, राधिका यादव को मौरावां, कांती यादव को असोहा तथा प्रीति कश्यप को हसनगंज में तैनाती दी गई है।इसके अलावा चन्द्रकली को बेहटा मुजावर, अर्चना यादव को सफीपुर, नीलम यादव को बांगरमऊ, रंजना यादव को सोहरामऊ, वंदना यादव को बिहार, स्वाती चौधरी को आसीवन, लक्ष्मी देवी को बीघापुर, मोना त्रिपाठी को गंगाघाट, पूनम चौधरी को थाना एफ-84, मनीषा शर्मा को असोहा तथा जानकी कुमारी को बांगरमऊ स्थानांतरित किया गया है।सूची में शामिल महिला आरक्षी प्रियंका शर्मा को थाना अजगैन से एसपीसी सेल में तैनाती दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानांतरित कर्मियों को तत्काल कार्यमुक्त कर उनकी अनुपालन आख्या शीघ्र प्रेषित की जाए।यह आदेश पुलिस विभाग में प्रशासनिक आवश्यकता एवं कार्य व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

# भाकियू ने 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

## अमेठी में 35 दिन में समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने किसानों की समस्याओं को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संगठन के जिलाध्यक्ष हरीश सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान अमेठी के डीएम कार्यालय पहुंचे और 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।यूनियन ने प्रशासन को 35 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि में मांगें नहीं मानी गईं, तो जिले भर में व्यापक किसान आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।किसानों ने प्रमुख रूप से फसल का उचित दाम, सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था, बिजली आपूर्ति में सुधार, नकली बीज की बिक्री पर रोक और समय पर फसल बीमा मुआवजे की मांग उठाई। ज्ञापन में किसानों की फसल का समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने, खरीद और भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध बनाने की मांग की गई। साथ ही, किसान आईडी बनाने की प्रक्रिया को सरल कर सभी पात्र किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने की बात कही गई। नकली बीज, उर्वरक व कीटनाशक की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। यूनियन ने फसल बीमा योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने और प्राकृतिक आपदा व कीट प्रकोप से हुई क्षति पर समय पर मुआवजा देने पर जोर दिया। नहरों की सफाई, ट्यूबवेल की मरम्मत और पर्याप्त सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।

# तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचला

## 3 किलोमीटर तक बाइक को घसीटते हुए ले गया, रगड़ से लगी आग

अमन लेखनी समाचार


मोहम्मद इंतसाब, मृतक

अलीगढ़ ,तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक वाले को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक चला रहा उछलकर शख्स दूर जा गिरा। उसकी मौके पर मौत हो गई।जबकि गाड़ी पहिए के नीचे आ गई। लोग देखते ही शोर मचाने लगे। ट्रक ड्राइवर गाड़ी रोकने की बजाए तेजी से भागने लगा। गाड़ी पहिए के अगले हिस्से में फंसी थी। ट्रक ड्राइवर करीब 3 किलोमीटर तक बाइक को घसीटता हुआ ले गया।हाईवे पर रगड़ की वजह से बाइक में भीषण आग लग गई। वह पूरी तरह जल गई। ट्रक ड्राइवर गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद दिल्ली-आगरा हाईवे पर कुछ लोग गाड़ियां खड़ी कर वीडियो बनाने लगे। जिससे वहां पर जाम लग गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।उसके बाद मडराक और सासनी गेट पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों से घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।लोगों ने पुलिस पर देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए नाराजगी भी जताई। आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने समझाकर शांत कराया। उसके बाद छानबीन में जुट गई। घटना सासनी गेट थाना क्षेत्र में रात की है।अब विस्तार से पढ़िए पूरा मामलाबाइक से 9 बजे रात को काम से निकले थेपुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के भुजपुरा निवासी मोहम्मद इंतसाब (21) स्क्रैप का काम करते थे। रविवार रात करीब 9 बजे अपनी बाइक से किसी काम के लिए निकले थे।जैसे ही वह मडराक के आगरा कट से होते हुए हाईवे पर दिल्ली की तरफ मुड़े, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इंतसाब बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद उन्हें पता चला। ट्रक वाला बाइक को 3 किलोमीटर दूर तक घसीटते ले गयाप्रत्यक्षदर्शियों ने बताय कि बाइक ट्रक के अगले हिस्से में फंस चुकी थी। लोगों ने देखा तो चीखने चिल्लाने लगे।

उन्होंने इशारे में बताया कि ट्रक के नीचे बाइक फंसी हुई है।

# ऊर्जा मंत्री के बयान पर आप का पलटवार

## प्रवक्ता ने पूछा-बिजली संकट में ग्रामीण निरोगी रहेंगे या रोगी, आंदोलन की चेतावनी दी

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , अंचली गांव में पिछले छह दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। पार्टी ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा और स्थानीय एक्सईएन पर तीखा हमला बोला है। यह घटना सदर विधानसभा जयसिंहपुर (189) के अंतर्गत ढेमा विद्युत उपकेंद्र से संबंधित है। आप के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि जहां एक ओर प्रदेश की जनता भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान है, वहीं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा 'करो योग, रहो निरोग' का बयान दे रहे हैं। दुबे ने मंत्री से सवाल किया कि जयसिंहपुर के पदारथपुर अंचली गांव के लोग छह रातों से सो नहीं पाए हैं, ऐसे में वे निरोगी रहेंगे या रोगी। उन्होंने सरकार और मंत्रियों पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया। वंशराज दुबे ने स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ढेमा विद्युत उपकेंद्र कई गांवों को बिजली देता है, लेकिन पदारथपुर अंचली गांव के प्रति विभाग का रवैया उदासीन है। दुबे के अनुसार, एक्सईएन जयसिंहपुर की लापरवाही के कारण गांव अंधेरे में डूबा है, जिससे खेती-किसानी, बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि पदारथपुर अंचली गांव में तत्काल प्रभाव से निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो पार्टी ढेमा विद्युत उपकेंद्र से लेकर एक्सईएन कार्यालय तक बड़ा आंदोलन करेगी। आप ने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी, और जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी। इस प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र, राकेश सिंह, धर्मराज सिंह, सभाराज सिंह, कुलदीप यादव, पुष्पेंद्र सिंह, साहिल तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# 9 दुर्लभ कछुए बरामद

## तस्कर मौके से फरार, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। हथिगवां पुलिस ने नौ दुर्लभ कछुए बरामद किए हैं, हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र के कांटी अखैबरपुर गांव के पास पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने की। तस्करी के लिए ले जाए जा रहे इन कछुओं को बरामद किया गया।कार्रवाई के दौरान तस्कर अपनी पल्सर बाइक छोड़कर भाग निकला। पुलिस की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सभी कछुओं को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बरामद कछुए संरक्षित श्रेणी के इंडियन सॉफ्ट शेल प्रजाति के हैं। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत इनकी तस्करी और अवैध परिवहन एक गंभीर अपराध है।वन विभाग ने बरामद कछुओं और बाइक को जब्त कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि इन कछुओं को अवैध रूप से किसी अन्य स्थान पर ले जाया जा रहा था। तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।वन विभाग के अनुसार, सभी कछुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद इन्हें इनके प्राकृतिक आवास गंगा नदी में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा, ताकि इनका संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# महिला टीचर, 8 महीने के बच्चे की एक्सीडेंट में मौत

## कौशांबी में पति-बेटी तड़पते रहे, एंबुलेंस की टक्कर से ईंट के ढेर में घुसी कार

अमन लेखनी समाचार



कौशांबी ,कार-एंबुलेंस की टक्कर में सरकारी महिला टीचर और उनके 8 महीने के बेटे की मौत हो गई। उनके पति और बेटी बुरी तरह घायल हो गए। पूरा परिवार कार में सवार थे। तभी रॉन्ग साइड से आ रही एंबुलेंस ने कार में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क किनारे रखे ईंटों के ढेर से जा टकराई।हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीयों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें प्रयागराज के रफठ अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा महेवाघाट थाना क्षेत्र के सरसवां स्वास्थ्य केंद्र के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने कार के आगे सीट पर फंसे युवक को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने कार के आगे सीट पर फंसे युवक को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान प्रतापगढ़ के जैसवां कुंडा बिहरिया गांव निवासी सायना फारूखी (38) और उनके 8 माह के बेटे अब्बास फारूखी के रूप में हुई है। सायना फारूखी चित्रकूट के राजापुर स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में टीचर के पद पर कार्यरत थीं। स्कूल का काम पूरा करने के बाद परिवार के साथ प्रतापगढ़ लौट रही थीं।जानकारी के अनुसार, कार में सायना फारूखी, उनके पति फैजल (40), बेटी मनाल फारूखी और 8 माह का बेटा अब्बास सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि सामने से आ रही एम्बुलेंस गलत दिशा में चल रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंटों के चट्टे से जा टकराई।

## संक्षेप

### कलेक्ट्रेट पर भाकियू अराजनैतिक का धरना

**15 सूत्रीय मांगों के समाधान की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

बागपत , भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ( भाकियू अराजनैतिक ) ने बागपत कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया।इस दौरान किसानों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और तत्काल कार्रवाई की मांग की।किसानों की प्रमुख मांगों में डीएपी, यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, बाजारों में बिकने वाले नकली कीटनाशकों पर कार्रवाई, सभी फसलों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु एमएसपी पर सरकारी खरीद की गारंटी, और फसल बीमा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन भी शामिल है। अन्य मांगों में आवारा पशुओं को पकड़वाना, नहरों और रजवाहों की सफाई, कृषि विद्युत आपूर्ति निर्धारित करना, बकाया गन्ना भुगतान समय पर करना, कृषि यंत्रों पर किसानों को छूट देना, तथा तहसील व जिला स्तर पर किसान समस्या शिविर आयोजित करना शामिल है। भूमि संबंधी विवादों का त्वरित निस्तारण भी एक प्रमुख मांग है। यह धरना प्रदर्शन भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष सहदेव प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने किया। किसान दीपक शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जल्द ही आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी किसानों की समस्याओं को सुनते तो हैं, लेकिन उनका समय पर समाधान नहीं करते, जिससे किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### चाचा ने जेल भिजवाया, अब जमीन पर नजर

**परिवार पहुंचा एसपी दफ्तर, पैतृक संपत्ति विवाद ने पकड़ा तूल**

बागपत , जनपद के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डौला गांव में पारिवारिक विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। गांव निवासी नितिन अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और शिकायत पत्र सौंपकर अपने चाचा पर गंभीर आरोप लगाए।परिवार का कहना है कि लंबे समय से चल रहे विवाद के चलते उन्हें लगातार मानसिक और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है। एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार नितिन ने शिकायत में बताया कि उनके परिवार और चाचा के बीच काफी समय से पारिवारिक तनाव और विवाद चल रहा है। परिवार का आरोप है कि विवाद लगातार बढ़ता गया और अब स्थिति ऐसी हो गई है कि उन्हें पुलिस प्रशासन की शरण लेनी पड़ी।पिता को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजा शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पारिवारिक रंजिश के चलते उसके पिता को कथित तौर पर झूठे मुकदमे में फंसाया गया। परिवार का दावा है कि इसी विवाद के कारण उनके पिता को जेल जाना पड़ा। उनका कहना है कि यह कार्रवाई व्यक्तिगत रंजिश का परिणाम है। पैतृक जमीन पर कब्जे का भी लगाया आरोप नितिन ने शिकायत में यह भी कहा कि विवाद की जड़ पैतृक संपत्ति है। परिवार का आरोप है कि उनके चाचा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि जमीन से संबंधित दस्तावेज और अधिकार उनके पास मौजूद हैं, लेकिन फिर भी उन पर दबाव बनाया जा रहा है।परिवार बोला- लगातार बढ़ रहा है तनावपीड़ित परिवार का कहना है ।

# लाइसेंसी बंदूक से पिता ने पुत्र को उतारा मौत के घाट बहु घायल

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर , जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सीतापुर में एक दर्दनाक घटना घटित हुई जहां पिता द्वारा चलाई गई लाइसेंसी बंदूक की गोली से पुत्र की मौत हो गई तथा बहू घायल अवस्था में है मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सीतापुर गांव निवासी रामखेलावन वर्मा ने घरेलू कामकाज व खर्चा को लेकर 30 वर्षीय बहू मनीषा से झगड़ा किया वही झगड़े को लेकर 35 वर्षीय बड़ा बेटा अवनीश बीच में आ गया तथा पत्नी का पक्ष लेने लगा जिसे देखते हुए आक्रोश में आकर रामखेलावन ने अपनी लाइसेंस की दुनाली बंदूक निकालकर धमकी दी वही झगड़ा समाप्त न होने पर आक्रोशित होते हुए रामखेलावन ने गोली चला दी जिसमें पहले गोली बहू के पेट तथा दूसरी गोली बेटे के दाहिने हाथ में लगी दोनों बुरी तरह घायल हुए तथा गोली मारकर रामखेलावन कुछ देर बाद फरार हो गया परिजनों ने बताया कि गोली मारने के बाद रामखेलावन लाइसेंसी बंदूक को कमरे में रखकर ताला लगाते हुए फरार हो गया वही गोली की आवाज सुनकर आसपास मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तथा पुलिस प्रशासन को सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन तथा स्थानीय ग्राम प्रधान संजय उमराव ने घटनास्थल का जायजा लिया आनन फानन ग्राम प्रधान अपने निजी वाहन से दोनों घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए दोनों को कानपुर के लिए रेफर कर दिया वही पहुंचने के बाद एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अवनीश की मौत हो गई जबकि बहू मनीषा की हालत गंभीर बताई गई गोली कांड की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने भी घटनास्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से पूछताछ की वही हत्या के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने का कोतवाल प्रभारी को दिशा निर्देश दिया कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

## संदिग्ध अवस्था में युवक की हुई मौत जांच प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद की बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव दरबेसाबाद निवासी युवक शिवअर्जुन की संदिग्ध हालत में मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने भतीजे सिकंदर के साथ गांव में रहता था जहां कल बुधवार को गांव के ही अपने एक मित्र के साथ शराब ठेके पहुंचकर दोनों ने शराब पिया नशे में होने के पश्चात शिवअर्जुन वहीं गिर गया मौजूद ग्रामीणों ने हालात देखते हुए परिजनों को सूचित किया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो शिवअर्जुन की लगभग सांसे थम चुकी थी वही यह सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन सांत्वना हेतु युवक को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने शिवअर्जुन को मृत घोषित कर दिया जानकारी लेने पर उप निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि युवक नशे का आदी था कुछ लोगों द्वारा घटना संदिग्ध बताई जा रही है जिसे देखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की पस्चात मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा वहीं परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## चार पहिया वाहन की टक्कर से महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिवस मंगलवार देर शाम एक चार पहिया बोलोरो गाड़ी की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला बुरी तरह घायल हो गई वही इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के देवलान गांव के निवासी गोलू पुत्र भोला तथा साथ में मां जनक दुलारी पत्नी भोला दोनों व्यक्ति एक झगड़े को लेकर न्याय के लिए थाना गाजीपुर पहुंच रहे थे वही मध्य रास्ते पर तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो गाड़ी ने दोनों मां बेटे को भीषण टक्कर मार दी टक्कर खाकर मां बेटे बुरी तरह घायल हुए जहां आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भेजा चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मां बेटे को जिला सदर अस्पताल रिफर कर दिया मिली जानकारी के अनुसार इलाज के चलते बुजुर्ग मां जनक दुलारी की सांसे थम गई वही बेटा भी जिंदगी और मौत की सांसे गिन रहा है घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे थाना गाजीपुर प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने चार पहिया वाहन को हिरासत में ले लिया वही मृतका जनक दुलारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं थाना प्रभारी विनोद पटेल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## युवक की ईंट से पीटकर हत्या



**आर्मी एरिया ग्राउंड में लाश मिली, पास ही बाइक पड़ी थी, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,एक युवक की लाश मिली है। लाश के ऊपर ही उसकी बाइक भी पड़ी मिली है। माना जा रहा है कि युवक की ईंट से पीटकर हत्या की गई। सुबह आर्मी एरिया के मैदान में आते-जाते लोगों ने लाश पड़ी देखी।इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने लाश की पहचान कराई। मामला कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के कासमपुर के पास का है। लाश की पहचान कंकरखेड़ा के गोविंदपुरी के रहने वाले कुंवरपाल के पुत्र विपिन ( 36 ) के रूप में हुई है। घटनास्थल पर विपिन की बाइक भी मिली है। लग रहा है कि विपिन की ईंट से पीटकर हत्या की गई है।

उसके शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। पुलिस ने परिवार को सूचना दी है। इसके साथ ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ कमिश्नरी पर किया प्रदर्शन

**भाकियू अराजनैतिक ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष कालू प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के साथ कमिश्नरी पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।कमिश्नरी से जब किसान एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट के लिए निकले तो पुलिस ने उनको रोक लिया। इसके बाद किसान वहीं सड़क पर बैठ गए और प्रदर्शन करते हुए पंचायत शुरू कर दी। इस दौरान किसानों की पुलिस अधिकारियों के साथ भी नोक झोक हुई। किसानों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांगों को बताने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल के मुलाकात करने का समय भी लिया । जिला अध्यक्ष ने बताया कि हम अपनी लंबे समय से चली आ रही समस्या बताऐंगे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अंश निर्धारण, फार्मर आईडी, डीएपी-यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता, नकली बीज और कीटनाशकों की बिक्री पर रोक, फसलों का लाभकारी मूल्य, फसल बीमा योजना, आवारा पशुओं की समस्या, सिंचाई व्यवस्था, कृषि विद्युत आपूर्ति, गन्ना भुगतान और राजस्व संबंधी मामलों सहित कई मुद्दों को उठाया। जिला अध्यक्ष कालू प्रधान ने कहा कि प्रदेश का किसान बढ़ती कृषि लागत, प्रशासनिक जटिलताओं और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिलने के कारण गंभीर संकट से जूझ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान अमित छाबड़िया ने किया। प्रदर्शन में विनोद जटौली, शोसिंह प्रधान, मिराज मलिक, नीरज राठी, निर्दोष, जितेंद्र त्यागी, अभिलाष हुड्डा, पवन कौल, अशोक राठी, फरमान, मनजीत धाम, शुभम चाहल, कपिल पूनिया, शाकिर, देवेंद्र शर्मा, बाबा महकार, मुस्तकीम, अजय प्रधान, दिनेश तिगरी समेत बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इस्कॉन मंदिर तक पहुंचा बुलडोजर

**विरोध के बाद मिला एक हफ्ते का समय, सेटबैक हटाने का अभियान तीसरे दिन भी जारी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, शास्त्रीनगर में सेटबैक खाली कराने के लिए आवास विकास परिषद का बुलडोजर अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। तीसरे दिन की कार्रवाई के दौरान बुलडोजर शास्त्री नगर स्थित इस्कॉन मंदिर भी पहुंचा, जो सेटबैक के दायरे में शामिल है। मंदिर परिसर में आवास विकास की टीम और बुलडोजर पहुंचते ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। हंगामे की स्थिति बनने पर अधिकारियों और मंदिर प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। इसके बाद आवास विकास की टीम ने मंदिर प्रबंधन को स्वयं सेटबैक छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए फिलहाल कार्रवाई स्थगित कर दी।इस्कॉन मंदिर के पुजारी चारु गोविन्द दास ने बताया कि उन्हें पहले से यह सूचना नहीं थी कि आवास विकास की टीम मंदिर पर कार्रवाई के लिए पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि जब बुलडोजर मंदिर पहुंचा तो मंदिर प्रबंधन ने अधिकारियों को समझाया कि यह केवल एक भवन नहीं बल्कि आस्था का केंद्र है, जहां प्रतिदिन पूजा-पाठ, भक्ति सेवा और प्रसाद वितरण होता है। उन्होंने कहा कि हजारों लोगों की धार्मिक भावनाएं इस मंदिर से जुड़ी हुई हैं और मंदिरों को तोड़ना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता।चारु गोविन्द दास ने कहा कि यहां साधु-संत और संन्यासी निवास करते हैं तथा भगवान के प्राण-प्रतिष्ठित विग्रह स्थापित हैं। अधिकारियों से हुई बातचीत के बाद मंदिर को एक सप्ताह का समय दिया गया है, जिसके भीतर आगे की स्थिति स्पष्ट की जाएगी।मंदिर की कार्यकारिणी के एक सदस्य ने कहा कि मंदिर पर बुलडोजर पहुंचने का लोगों ने तीखा विरोध किया।

## एयरगन से 20 दिन में 2 को लगी गोली

**परिजन ने थाने में दी तहरीर, पुलिस बोली- समय से नहीं दी सूचना**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , कविनगर क्षेत्र की एक सोसायटी में एयरगन से फायरिंग के दो मामले सामने आये हैं। पिछले 20 दिनों के भीतर एक किशोरी और एक किशोर के पैर में एयरगन की गोली लगी है। परिजन और स्थानीय लोग कार्रवाई की मांग को लेकर कविनगर थाने पहुंचे। हालांकि पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है और मामले की जांच की बात कह रही है। 17 साल के किशोर के पैर में मिली बुलेटकविनगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील प्राइमरोज सोसायटी निवासी अंकित मित्तल ने बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा कार्तिक 18 जून को सोसायटी परिसर में नीचे गया था। इसी दौरान अचानक उसके पैर में तेज दर्द होने लगा। परिजनों ने जब पैर की जांच की तो वहां एक छोटा सा छेद दिखाई दिया। शुरूआत में मामूली चोट समझकर उपचार कराया गया, लेकिन दर्द कम नहीं हुआ। इसके बाद 20 जून को डॉक्टर को दिखाया गया। कराए गए एक्स-रे में पैर के अंदर एयरगन की बुलेट फंसी मिली, जिसे डॉक्टरों ने निकाल दिया। मामले की शिकायत शाम कविनगर थाने में दी गई।25 मई को किशोरी भी हुई थी शिकारइसी सोसायटी में 25 मई को भी ऐसी ही घटना सामने आई थी। निवासी अमित शर्मा की 17 वर्षीय बेटी शैलजा के पैर में अचानक चोट लगी थी। शुरूआत में परिवार को लगा कि कोई नुकीली वस्तु लगी है। जब खून बहना बंद नहीं हुआ तो उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। जांच में पैर के अंदर एयरगन की गोली फंसी होने की पुष्टि हुई। हालांकि उस समय परिजनों ने पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी थी।




कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे लोग

ताजा घटना के बाद परिजनों और सोसायटी के लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो दूसरी घटना को रोका जा सकता था। लोगों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। एसीपी कविनगर जियाउद्दीन ने बताया कि दोनों घटनाएं पुरानी हैं और मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से मिली लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कारोबारी के बेटे ने कार से 7 पुलिसकर्मियों को रौंदा

**गश्त के दौरान सड़क किनारे खड़े थे, मेरठ में भाई के साथ रेस लगा रहा था**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,ऑटो पार्ट्स कारोबारी के बेटे ने अपनी इनोवा कार से सड़क किनारे खड़े 7 पुलिसकर्मियों को रौंद दिया।इस दौरान एक कांस्टेबल का पैर टूट गया। दो के हाथों की खाल छिल गई। बाकी के मुंह और नाक में चोटें आईं हैं।मामले का सामने आया।इसमें दिख रहा है कि देर रात ढाई बजे गश्त पर निकले पुलिसकर्मी रोड किनारे पुलिस लीप के पास खड़े थे। तभी तेज रफ्तार इनोवा कार ने पुलिसकर्मियों को रौंदते हुए जीप से टकरा गई।कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि किसी को हिलने तक का समय नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार 100 से ज्यादा थी। टक्कर के बाद कांस्टेबल 5 फीट तक उछलकर दूर गिरे। मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इनमें से 2 की हालत गंभीर है, जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कारें जब्त कर लीं।

दोनों भाई रेस लगा रहे थे, इनोवा कार बेकाबू हुई ब्रह्मपुरी थानाक्षेत्र के सुपरटेक पामग्रीन, बिजली बंबा रोड निवासी कारोबारी रमन जोली के दो बेटे नमन जोली ( 37 ) और अमन जोली ( 35 ) हैं। दोनों भाई देर रात दिल्ली हाईवे पर अपनी इनोवा और थार गाड़ी से रेस लगा रहे थे। दोनों एक-दूसरे को ओवरटेक करने की होड़ में थे। इसी दौरान इनोवा चला रहे बड़े भाई नमन जोली कार बेकाबू हो गई। जीप से गश्त पर निकले पुलिसकर्मी सड़क किनारे बातें कर रहे थे ब्रह्मपुरी थाने की पुलिस टीम रात में जीप से गश्त पर निकली थी। जीप में पांच पुलिसकर्मी सवार थे। टीपीनगर गेट के सामने स्थित हनुमान मंदिर के पास पुलिसकर्मी सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच डायल-112 के दो पुलिसकर्मी बाइक से वहां पहुंच गए। सभी सात पुलिसकर्मी आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी बेकाबू इनोवा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। 7 पुलिसकर्मियों को आई चोटें हादसे में कांस्टेबल लोकेन्द्र पंवार, कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल कपिल भाटी, कांस्टेबल राजेश कुमार और हेड कांस्टेबल रविन्द्र मलिक समेत सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को पहले केएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें न्यूटिमा अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल हेड कांस्टेबल रविन्द्र मलिक की हालत नाजुक बनी हुई है। उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। उनका ऑपरेशन किया गया। ब्रह्मपुरी सीओ सौम्या अस्थाना ने बताया-घायल पुलिसकर्मियों को 5 दिन की छुट्टी दे दी गई है। इनमें से 2 की हालत गंभीर है, जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे में शामिल दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले लिया गया है।

## महिला से 62 लाख की ठगी

**शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर जाल में फंसाया, 17 बार में ट्रांसफर की गई रकम**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने एक महिला से 62 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने खुद को निवेश विशेषज्ञ बताकर महिला को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा और शेयर बाजार में निवेश पर 30 प्रतिशत तक लाभ का भरोसा दिलाया। जब महिला ने अपनी रकम निकालने की कोशिश की तो ठगी का खुलासा हुआ सेक्टर-27 निवासी प्रीति गृहिणी हैं। उनके पति एक निजी कंपनी में प्रबंधक हैं। प्रीति की शेयर बाजार में रुचि होने के कारण वह निवेश संबंधी जानकारियां जुटाती रहती थीं। व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर बनाया शिकारपीड़िता के अनुसार, तीन मार्च को उन्हें ₹मार्क सिक्योरिटीज₹ नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में मौजूद एक व्यक्ति ने खुद को डॉ. राजीव सिंह बताकर शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश की सलाह दी। उसने दावा किया कि उसके बताए निवेश से 30 प्रतिशत तक मुनाफा कमाया जा सकता है और पार्ट टाइम अच्छी आय अर्जित की जा सकती है।ऐप पर रजिस्ट्रेशन कराकर कराया निवेशठगों की बातों पर भरोसा कर प्रीति ने उनके बताए एक निवेश ऐप पर पंजीकरण कराया।

## निवेश के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**महिला बनकर लोगों को जाल में फंसाता, मुनाफे का झांसा देकर पैसे जमा कराता**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,थाना साइबर क्राइम पुलिस ने निवेश पर मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। वह पेशे से डॉक्टर है। वह सोशल मीडिया एप पर महिला बनकर लोगों से संपर्क करता था। निवेश करने के बाद नाम पर उन्हें जाल में फंसाता था। पुलिस ने उसके पास से ठगी में इस्तेमाल एक मोबाइल फोन बरामद किया है। डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र से रामाकृष्ण पेदगावेगी को गिरफ्तार किया है। उसकी अरेस्टिंग इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर हुई है। वह मूलरूप से आंध्र प्रदेश का रहने वाला है। उसकी उम्र 37 वर्ष है।जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फ्रेंड ऐप व अन्य डेटिंग साइटों पर महिला की फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से संपर्क करता था।शुरूआत में छोटे निवेश पर फर्जी मुनाफा दिखाकर भरोसा दिलाता था। इसके बाद वह अधिक धनराशि का निवेश करवाता था। लोगों से जिस बैंक खाते में पैसा जमा कराया जाता था, वह एक म्यूल अकाउंट था। इस खाते की इंटरनेट बैंकिंग के लिए आरोपी का




मोबाइल नंबर रजिस्ट्रर्ड था। इसी के जरिये वह ठगी की रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर देता था। उसने शहर के एक ही व्यक्ति के साथ भी फजीर्वाड़ा किया था। इस संबंध में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया गया था।

## 50 लाख के मोबाइल बरामद-3 आरोपी गिरफ्तार

**कंपनी से फोन चोरी किए थे, दिल्ली बेचने जा रहे थे**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा ,नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 लाख रुपए कीमत के 100 नए डिब्बाबंद मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मोबाइल सप्लाई करने वाला एक आरोपी अभी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। डीसीपी ग्रेटर नोएडा रवि शंकर निम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी के मोबाइल फोन लेकर दिल्ली में बेचने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सेक्टर-153 के पास चेकिंग अभियान चलाया और एक महिंद्रा पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से कदडड कंपनी के 100 नए डिब्बाबंद मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 लाख रुपए कीमत के 100 नए डिब्बाबंद मोबाइल फोन बरामद किए हैंग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 लाख रुपए कीमत के 100 नए डिब्बाबंद मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक होर्डिंग्स पर सपा नेताओं का फूटा गुस्सा, एफआईआर की मांग

अमन लेखनी समाचार




सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए कथित आपत्तिजनक एवं भ्रामक होर्डिंग्स को लेकर सपा नेताओं ने कड़ा विरोध जताया है। पार्टी नेताओं ने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए पुलिस प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। सपा सांसद आनंद भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक सीतापुर को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि जिले के कई स्थानों पर ऐसे होर्डिंग्स लगाए गए हैं, जिनमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियां अंकित हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इन होर्डिंग्स के माध्यम से समाजवादी पार्टी की छवि धूमिल करने के साथ-साथ समाज में भ्रम और वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। सपा नेताओं का कहना है कि इस घटना से पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। होर्डिंग्स लगाए जाने की जानकारी मिलते ही कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त हो गया और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग तेज हो गई। शिकायत पत्र में प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराकर यह पता लगाने की मांग की गई है कि होर्डिंग्स किसने और किन उद्देश्यों से लगवाए। साथ ही समाज में द्वेष फैलाने वाले तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने की मांग की गई है। इस संबंध में दिए गए मांगपत्र पर धौरहरा लखीमपुर से सांसद आनंद भदौरिया, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व मंत्री रामहेत भारती तथा समाजवादी पार्टी सीतापुर के जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव सहित अन्य नेताओं के हस्ताक्षर दर्ज हैं। सपा नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक विचारों का विरोध स्वाभाविक है, लेकिन किसी भी दल या उसके शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अपमानजनक और भड़काऊ प्रचार स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को कानून के दायरे में लाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

# बिना लाइसेंस कीटनाशकों के विक्रय पर होगी सख्त कार्रवाई जिलाधिकारी

**ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कीटनाशक व्यापार के लिए वैध लाइसेंस अनिवार्य**

**किसानों से अधिकृत विक्रेताओं से ही कीटनाशक खरीदने की अपील।**

**जनपद में चलाया जाएगा विशेष निरीक्षण अभियान, नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं, थोक एवं फुटकर व्यापारियों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म संचालकों तथा कृषक बंधुओं को निर्देशित करते हुए कहा है कि कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं कीटनाशी नियमावली, 1971 के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वैध लाइसेंस के किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कीटनाशकों का भंडारण, विक्रय, वितरण अथवा ऑनलाइन व्यापार पूर्णतः प्रतिबंधित है। जिलाधिकारी ने कहा कि कीटनाशकों के विक्रय एवं भंडारण हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। सभी लाइसेंसधारी विक्रेता केवल अनुमोदित एवं पंजीकृत कीटनाशकों का ही विक्रय करें तथा प्रत्येक बिक्री पर बिल अथवा कैश मेमो जारी करते हुए अभिलेखों एवं स्टॉक रजिस्टर का अद्यतन संधारण सुनिश्चित करें।

# डाला में झाड़ियों के बीच मिला नर कंकाल, क्षेत्र में फैली सनसनी

**हरियाणा स्टोन क्रेशर प्लांट के पीछे कौवा नाला के समीप मिला क्षत–विक्षत मानव अवशेष, पहचान में जुटी पुलिस।**

अमन लेखनी समाचार



डाला (सोनभद्र)। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत डाला स्थित हरियाणा स्टोन क्रेशर प्लांट के पीछे कौवा नाला की झाड़ियों में मंगलवार को एक नर कंकाल के अवशेष मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही डाला पुलिस मौके पर पहुंची और अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कंकाल की शिनाख्त करने के साथ-साथ मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे क्षेत्र में गाय-भैंस चरा रहे एक चरवाहे की नजर डाला नगर पंचायत एवं बिल्ली-मारकुंडी ग्राम सभा की सीमा के मध्य स्थित कौवा नाला की झाड़ियों में पड़े क्षत-विक्षत मानव अवशेषों पर पड़ी। करीब जाकर देखने पर उसे नर कंकाल दिखाई दिया, जिसके बाद उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। मानव कंकाल मिलने की खबर कुछ ही देर में पूरे इलाके में फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल डाला पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलते ही डाला चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षत-विक्षत अवस्था में मिले नर कंकाल के अवशेषों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। घटनास्थल के आसपास भी पुलिस द्वारा गहन जांच-पड़ताल की गई ताकि मृतक की पहचान और घटना से जुड़े अन्य सुराग जुटाए जा सकें। प्राथमिक जांच में अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। कंकाल काफी समय पुराना प्रतीत होने के कारण पहचान करना चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान कर रही है तथा अन्य संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। डाला चौकी प्रभारी ने बताया कि बरामद मानव अवशेषों को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है साथ ही कंकाल की शिनाख्त और मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाओं का दौर शुरू हो गया है, वहीं स्थानीय लोगों में भी दहशत और कौतूहल का माहौल बना हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## खास समाचार

# जुगैल पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के निर्देशन में थाना जुगैल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। मु0अ0सं0- 42/2026, धारा- 115(2), 352, 351(2), 191(2) एवं 117(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्ता आरती पुत्री सुरेंद्र मिश्र निवासी ग्राम गोठानी, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 23.06.2026 को प्रातः लगभग 06:30 बजे उसके घर ग्राम गोठानी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु रवाना किया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने नागर पंचायत में बामौर परियोजना का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। झांसी के मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड (आईएएस) ने इक्रिसेट एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से संचालित कृषि आजीविका एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण परियोजना का निरीक्षण किया। यह परियोजना बामौर एवं गुरसराय विकासखंड के 25 गांवों में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य भूमि एवं जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार, कृषि उत्पादन बढ़ाना तथा किसानों की आजीविका को मजबूत बनाना है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने ग्राम पंचायत नागर में पुनर्जीवित हवेली प्रणाली, नालों के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण, खेतों की मेड़बंदी तथा अन्य जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण समिति (एनआरएम) के सदस्यों से बातचीत कर परियोजना से हो रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की। किसानों ने बताया कि इन कार्यों से वर्षा जल का बेहतर संचयन होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा और सिंचाई की सुविधा बढ़ने से कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के भूमि एवं जल संरक्षण कार्यों को जिले के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए ऐसे कार्यों का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि इक्रिसेट के तकनीकी सहयोग से बुंदेलखंड में जल संरक्षण, कृषि विकास तथा किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर उपआयुक्त मनरेगा शिखर श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार, आर.के. उत्तम, डॉ. अशोक शुक्ला, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण समिति के अध्यक्ष आशीष उपाध्याय, एफपीओ चेयरमैन पुष्पेन्द्र सिंह बुंदेला, रामप्रकाश पटेल, ग्राम प्रधान अनुज द्विवेदी, संजीव बिरथरे, शिशुवेन्द्र कुमार, इंजी. दीपक त्रिपाठी, सुनील कुमार निरंजन, शैलेन्द्र सोनी, पिंटू वर्मा सहित परियोजना से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

# सीबीएचआई रिपोर्टिंग में शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश

**ओपीडी रजिस्टर में निदानवार विवरण अंकित करना अनिवार्य : उप निदेशक।**

**संचारी एवं गैर–संचारी रोगों की नियमित रिपोर्टिंग पर दिया गया जोर।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई), क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की उप निदेशक श्रीमती दीक्षा सचदेवा (आईएसएस) के नेतृत्व में मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र की अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सीबीएचआई रिपोर्टिंग से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप निदेशक श्रीमती दीक्षा सचदेवा ने उपस्थित ब्लॉक अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों एवं फार्मासिस्टों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ चिकित्सालयों से प्राप्त रिपोर्टों में केवल मरीजों का नाम एवं आयु दर्ज की जा रही है, जबकि निदान (डायग्नोसिस) संबंधी विवरण अंकित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने संचारी एवं गैर-संचारी रोगों से संबंधित आंकड़ों की शुद्ध एवं नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर निर्धारित प्रारूप में सूचनाओं का संकलन कर राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाए तथा तत्पश्चात जिला स्तर से सूचनाएं समयबद्ध रूप से भेजी जाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुमार मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक ओपीडी पर्ची एवं ओपीडी रजिस्टर पर रोग का स्पष्ट निदान अंकित करना सुनिश्चित करें। साथ ही ओपीडी समाप्ति के पश्चात प्रतिदिन निदानवार सारांश भी रजिस्टर में दर्ज किया जाए। बैठक में समस्त फार्मासिस्टों को निर्देशित किया गया कि वे ओपीडी रजिस्टर को प्रतिदिन की डायग्नोसिस रिपोर्ट के अनुसार व्यवस्थित करें, जिससे सीबीएचआई पोर्टल पर सही एवं गुणवत्तापूर्ण सूचनाएं प्रेषित की जा सकें। बैठक में उप निदेशक श्रीमती दीक्षा सचदेवा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुमार मिश्रा, कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी अभिषेक सिंह एवं स्वाती सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी बीबीडी डॉ. प्रेम नाथ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस. यादव, जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सूबेदार प्रसाद, जिला संयुक्त चिकित्सालय के डॉ. बी.के. श्रीवास्तव, डॉ. गणेश प्रसाद, जनपद के समस्त ब्लॉक अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट तथा आईडीएसपी के डाटा मैनेजर आशीष कुमार कटारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**सामूहिक विवाह समारोह में गूंजे मंगलगीत, नवदंपत्तियों को मिला जनप्रतिनिधियों का आशीर्वाद।**

**सरकार ने दिया सामाजिक सुरक्षा और सम्मान का उपहार, प्रत्येक जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता।**

**58 हिंदू एवं 2 मुस्लिम जोड़ों का रीति–रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ विवाह**

**दुद्धी और शाहगंज में भी जल्द आयोजित होंगे सामूहिक विवाह कार्यक्रम।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को विकास बैकेट, मुसही (चुर्क रोड), रॉबर्ट्सगंज में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक वैवाहिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 60 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। समारोह में 58 हिंदू एवं 2 मुस्लिम जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन स्थल पर मंगलगीतों और शुभकामनाओं का वातावरण रहा तथा नवदंपत्तियों के चेहरों पर नई जिंदगी की खुशियां झलकती रहीं। कार्यक्रम में सांसद छोटेलाल खरवार जी, विधायक भूपेश चौबे जी, ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए जोड़ों में विकास खंड रॉबर्ट्सगंज के 32, चतरा के 13, नगवां के 5, नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज के 8 तथा नगर पंचायत चुर्क के 2 जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग एवं पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को रूपया 01 लाख की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें रूपया 64 हजार सीधे कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए जाते हैं, जबकि रूपया 21 हजार मूल्य की गृहस्थी एवं उपहार सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा जनप्रतिनिधिगण के साथ मासिक समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप आज दिनांक 23.06.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस लाइन चुर्क स्थित पुलिस कार्यालय में जनपद के जनप्रतिनिधिगण के साथ मासिक समन्वय गोष्ठी आयोजित कर विभिन्न जनहित एवं कानून- व्यवस्था संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। गोष्ठी के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, अवैध गतिविधियों की रोकथाम, जनसुनवाई तथा पुलिसिंग व्यवस्था से संबंधित सुझाव एवं अपेक्षाएं प्रस्तुत की गईं। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय से जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान संभव है तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आमजन की समस्याओं एवं सुझावों को समय-समय पर पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने का अनुरोध किया। गोष्ठी में छोटेलाल खरवार सांसद सोनभद्र, भूपेश चौबे विधायक सदर तथा विधायक घोरावल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ व अन्य मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया जोरदार धरना- प्रदर्शन

**भी.बी. जी रामजी योजना को बताया ग्रामीण मजदूरों को दास बनाने की योजना और इसे रद्द करने किया मांग।**

**धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सोनभद्र का जल, जंगल, जमीन बचाओ और यहां आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना कराओ की भी उठाया आवाज।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र, मंगलवार को उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ और राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत अपने विभिन्न मांगों के समर्थन में राजमार्ग से जोरदार नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी उद्यान पहुंच कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जोरदार प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। जहां वक्ताओं ने कहा कि.. यह सबसे बड़ी त्रासदी है कि आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर दुनियां की सबसे बड़ी ऐतिहासिक योजना मनरेगा, जिसके तहत ग्रामीण गरीब मजदूरों को गांव में ही काम मिल रहा था। जिसको तमाम कुर्बानियों और शहादतों के बाद खेत मजदूरों ने हासिल किया था। मनरेगा योजना में मजदूरों को काम और बेरोजगारी भत्ता की गारंटी के साथ ही सारे अधिकार ग्राम सभाओं को मिला हुआ था। मौजूदा भारत सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से इतनी नफरत है कि मनरेगा को समाप्त करके ₹ विकसित भारत -- रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी ( ग्रामीण) योजना को कानूनी रूप देकर मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना की हत्या कर रही है। ज्ञात रहे कि ₹ श्इ -- ऋ फअट (ऋ ) योजना 01 जुलाई 2026 को कानूनी शक्ल अख्तियार कर लेगी। ऐसी स्थिति में 23 जून 2026 को खेत मजदूर साथियों द्वारा ₹निर्णायक रूप₹ से हथौड़ा चलाने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। ₹मनरेगा₹ योजना में 90 प्रतिशत बजट का धन भारत सरकार और 10 प्रतिशत बजट का धन राज्य सरकारें बहन करती थी, फिर भी सभी को 100 दिन काम नहीं मिल पाता था, उसके ठीक विपरीत ₹ श्इ -- ऋ फअट (ऋ ), ₹ विकसित भारत -- रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी ( ग्रामीण) योजना में भारत सरकार को 60 प्रतिशत ओर प्रान्तीय सरकारों को 40 प्रतिशत बजट की व्यवस्था करनी होगी, जाहिर है कि प्रान्तीय सरकारें पूरी तरह कर्जों तले दबी हुई हैं, ऐसे में प्रान्तीय सरकारें धन की व्यवस्था नहीं कर पायेंगी

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज दिनांक 23.06.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों एवं नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, गुमशुदगी, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यपरक जांच करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता रहे। साथ ही शिकायतकर्ताओं को की गई कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने तथा जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उत्पीड़न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिन प्रकरणों में तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# साइबर क्राइम पुलिस थाना की प्रभावी कार्यवाही से साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को वापस कराए 24,000

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र द्वारा एक साइबर ठगी के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ित की संपूर्ण धनराशि वापस कराई गई। आवेदक विजय कुमार पुत्र हिरालाल, निवासी ग्राम अकड़ौर, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र के साथ साइबर ठगी के माध्यम से 24,000 की धोखाधड़ी की गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा ठउफढ पोर्टल के माध्यम से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित धनराशि को तत्काल होल्ड कराया गया तथा बेनिफिशियरी खाताधारक से समन्वय स्थापित कर पीड़ित की संपूर्ण धनराशि 24,000 सफलतापूर्वक वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा जनपद पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी पिपरी एवं साइबर क्राइम पुलिस थाना के अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

नई दिल्ली। बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

## लाइफ Style



# अनुष्का कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्याद है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

लॉस एंजिल्स। एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

लॉस एंजिल्स। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

मुंबई। बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

मुंबई। 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'



नई दिल्ली। 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिजम पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ो पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियो का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा



मुंबई। हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे। इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बत ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...



नई दिल्ली। बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।*



### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*